


सब का सपना

निष्पक्ष व निडर - हिंदी दैनिक समाचार पत्र



ट्यूबवेलों से स्टार्टर व केबिल चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश **पेज: 3**

बैचलर पार्टी डी यू स मेंपेरिस लक्ष्मी की एंट्री **पेज: 8**

वर्ष : 02 | अंक : 214 | रविवार 08 नवंबर 2026 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्य: 2 रुपए



















संपादकीय

संस्कृति रोकेगी प्रदूषण

दिवाली से पहले ही दिल्ली का प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंचना गंभीर चिंता का विषय है। कल्पना करना कठिन नहीं है कि दिवाली पर पटाखे छोड़े जाने के बाद क्या स्थिति होगी? कई स्थानों पर एक्यूआई का चार सौ पार कर जाना हमारे स्वास्थ्य की दृष्टि से भयावह संकट ही है। इन हालात पर सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करने के बावजूद कहा है कि पुराने उपाय नाकाफी हैं। हम बचाव की बात तब कर रहे हैं जब एक्यूआई चार सौ पार कर गया है। कोर्ट ने बार-बार कहा कि इस प्रदूषण को कम करने के लिये सांस्कृतिक बदलाव बड़ी भूमिका निभा सकता है। हम जश्न मनाएं लेकिन पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी के साथ। इसके लिये लोगों को जागरूक करने की जरूरत होगी। अदालत में चिंता जतायी गई कि दिवाली के पास वाहनों के बंपर-टू-बंपर चलने, जाम लगने व बढ़ती आवाजाही से प्रदूषण की समस्या सामने आती हैं। उसके मूल में हमारे दिखावे की संस्कृति भी है। ये जो गिफ्ट देने की संस्कृति है, उसे हमने स्टेटस सिंबल बना दिया है। जिससे सड़कों में अप्रत्याशित रूप से वाहनों की आवाजाही होती है। इस प्रवृत्ति को रोकने और सांस्कृतिक बदलाव से ही समस्या का समाधान संभव है। हालांकि, प्रदूषण नियंत्रण के मद्देनजर अदालती आदेश है कि दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे एनसीआर, जिसमें हरियाणा, उत्तर प्रदेश व राजस्थान के कई जिले शामिल हैं, में सात से आठ नवंबर को सुबह छह से सात और रात को आठ से दस बजे तक ही ग्रीन पटाखे छोड़ने की अनुमति होगी। साथ ही अस्पतालों- स्कूलों के तीन सौ मीटर दायरे में रोक लगाई गई है। लेकिन सवाल यह है कि क्या हम इतने ईमानदार हैं कि इस अवधि में केवल ग्रीन पटाखे ही चलाएंगे? क्या दुकानदार ग्रीन पटाखों की आड़ में घातक पटाखे नहीं बेचेंगे? अदालत में बताया गया कि दिल्ली में प्रदूषण की ऐसी हालत है कि हवा में सांस लेना तीस सिगरेट पीने के बराबर है।

दिल्ली में घातक प्रदूषण और दिवाली के मद्देनजर स्वत- संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश वाली बैंच ने जहां गहरे तंज किए हैं, वहीं मार्गदर्शक सलाह भी दी है। बाकायदा सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची व जस्टिस वी.मोहना की पीठ ने कहा कि उम्मीद है कि आप सभी दिल्ली-एनसीआर के मौसम का आनंद ले रहे होंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता अमिकस क्यूरी अपराजिता सिंह ने कोर्ट को बताया कि प्रदूषण का स्तर इतना गंभीर है कि हमारी आवाज बैठ रही है। अदालत ने बल दिया कि दिवाली मनाने के साथ-साथ प्रदूषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी जरूरी है। कोर्ट ने स्वीकारा कि सिर्फ पाबंदियां लगाने से समस्या हल नहीं होगी बल्कि इससे नियमों के उल्लंघन के मामले और बढ़ सकते हैं। दिल्ली के लोग बहुत टेलेंटेड हैं, वे नये रास्ते निकाल लेते हैं। सीजेआई ने कहा कि हमें त्योहार की पुरानी परंपराओं और रीति-रिवाजों पर फिर से गौर करने की जरूरत है। त्योहार मनाते समय हमें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का अहसास भी होना चाहिए। वहीं न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची ने टिप्पणी की कि यह मुद्दा त्योहारों के व्यवसायीकरण से भी जुड़ा है। दिवाली के संदर्भ में मुख्य न्यायाधीश ने एक संवेदनशील टिप्पणी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को लेकर भी है। उन्होंने चेताया कि इस वर्ग को प्रदूषण फैलाने के लिये जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। यह वर्ग प्रदूषण का सबसे ज्यादा शिकार होता है। इनके लिये दिवाली का त्योहार जीविका की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण होता है। खासकर उन लोगों के लिये जिनकी आजीविका इस मौसमी काम व त्योहार पर निर्भर है। बल्कि सड़कों पर बढ़ती वाहनों की आवाजाही से इनका काम-धंधा बुरी तरह प्रभावित होता है। सही मायने में प्रदूषण वे लोग फैलाते हैं, जो इसके घातक प्रभाव के असर का खर्च उठा सकते हैं। एक तरह से अदालत ने दिल्ली को नसीहत दी कि वह अपने प्रदूषण की जिम्मेदारी स्वीकार करे। दिल्ली सरकार भी साल भर चलने वाले संकट के लिये मौसमी प्रदूषण, पराली व पटाखों को वजह बताकर जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। आखिर दिल्ली में आपातकाल जैसी स्थिति क्यों पैदा हुई? खुले में काम करने वालों और संवेदनशील बच्चों को सुरक्षा कौन देगा?

सूक्ति

द्वेष बुद्धि को हम द्वेष से नहीं मिटा सकते, प्रेम की शक्ति ही उसे मिटा सकती है।
- विनोबा भावे

फूल चुन कर एकत्र करने के लिए मत ठहरो। आगे बढ़े चलो, तुम्हारे पथ में फूल निरंतर खिलते रहेंगे।
- रवींद्रनाथ ठाकुर

आवश्यकता है

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

भारत को पुनः वैभवशाली बनाने हेतु संघ द्वारा प्रयासों में तेजी लाई जा रही है



प्रहलाद सबनानी



आज संघ के विचार को समाज के बीच ले जाने की भी महती अवस्यकता है। इसके लिए स्वयसेवकों को समाज के बीच में जाकर कार्य करने पड़ेंगे। समाज में वैचारिक विमर्श का निर्माण करने की आवस्यकता है। भारत को यदि परम वैभवशाली देश बनाना है तो समाज का मन अनुकूल रखना होगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी स्थापना के 101 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। संघ ने अपनी स्थापना की शताब्दी हाल ही में पूर्ण की है एवं संघ अब अपने अगले चरण में प्रवेश कर रहा है। शताब्दी वर्ष के दौरान संघ एवं समाज द्वारा मिलकर कई बड़े कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों को समाज में अच्छा प्रतिसाद भी मिला। इन विभिन्न कार्यक्रमों में स्वयंसेवकों एवं समाजजनों की बढ़ चढ़ कर भागीदारी रही। संघ की 100 वर्षों की यह एक अभिनव यात्रा है एवं समाज को साथ लेकर चलने की यात्रा है। साथ ही, समाज की सेवा के अथक प्रयासों की भी यह यात्रा है। इन 100 वर्षों में संघ ने क्या पाया, इसका सिंहावलोकन एवं मूल्यांकन करना आवश्यक है। 100 वर्ष अपने आप में एक पर्याप्त कालावधि है, जब किसी संगठन के कार्यों का मूल्यांकन किया जाना चाहिए।

पिछले 100 वर्षों के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए एक बड़ी उपलब्धि यह रही है कि राष्ट्र में व्यक्ति निर्माण की अभिनव पद्धति के रूप में संघ की शाखा को देश एवं समाज के बीच में मान्यता मिली है। इसे संघ की बहुत बड़ी सफलता के रूप में देखा जा सकता है। शाखा की कार्यपद्धति के माध्यम से ही भारत के लाखों युवाओं में राष्ट्रत्व का भाव जगाया जा सका है एवं स्वयसेवकों का निर्माण कर उनके जीवन में परिवर्तन लाया जा सका है। आज नगरों एवं महानगरों के साथ ही सुदूर ग्रामीण इलाकों में भी संघ की शाखाएं लगाई जा रही हैं एवं इनमें समाज के समस्त घटकों की भागीदारी दिखाई दे रही है। मन में देश भक्ति का भाव लेकर भारत का युवा, स्वयंसेवक बनता है एवं प्रतिदिन शाखा में आकर शाखा की कार्यपद्धति का अनुपालन करते हुए कब उसमें राष्ट्रत्व की भावना जागृत हो जाती है उसे पता ही नहीं चलता है। आज हिंदू स्वयंसेवक संघ के माध्यम से कई अन्य देशों में भी शाखाएं लगाई जा रही है। विश्व में समस्त स्थानों पर लगाई जाने वाली शाखाओं की कार्यपद्धति समरूप है। भारत में आज अत्यंत समर्पित स्वयसेवकों की शृंखला खड़ी हो गई है एवं आज कई परिवारों की 5वीं एवं 6वीं पीढ़ी स्वयंसेवक के रूप में कार्य करते हुए दिखाई दे रही हैं। इस प्रकार, केवल स्वयंसेवक ही नहीं बल्कि उनके परिवार के सदस्य भी देश के लिए समर्पण की भावना के साथ संघ से जुड़े हुए हैं।

संघ की कार्यपद्धति में दो श्रेणियों के माध्यम से कार्य सम्पन्न होते हैं। एक, संगठन श्रेणी, जिसके माध्यम से शाखा लगाई जाती है एवं स्वयंसेवक गढ़े जाते हैं। दूसरी, जागरण श्रेणी, जिसके माध्यम से स्वयसेवकों द्वारा समाज के बीच जाकर समाज परिवर्तन के प्रयास किए जाते हैं। समाज को जागृत करने के उद्देश्य से कुछ जागरण पत्रिकाओं का प्रकाशन भी किया जाता है, जिनकी पहुंच आज 3 लाख से अधिक गावों तक है। इसी प्रकार संघ के सम्पर्क विभाग के द्वारा समाज का नेतृत्व करने वाले संभ्रांत नागरिकों से सम्पर्क किया जाता है एवं इन्हें राष्ट्रीय विचारों से अवगत कराया जाता है जिसके चलते ही आज बड़ी मात्रा में समाज की सज्जन शक्ति संघ के साथ जुड़ गई है। संघ द्वारा 6 गतिविधियां भी प्रारम्भ की गई है - सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, समग्र ग्रामविकास, गोसेवा, कुटुंब प्रबोधन एवं धर्मजागरण। इन गतिविधियों के माध्यम से भी समाज को संघ के साथ जोड़ने के प्रयास किए जाते हैं। इस बीच, पंच परिवर्तन (स्व के भाव का जागरण, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन एवं नागरिक कर्तव्य) के प्रयोग भी संघ द्वारा चलाए गए ताकि समाज के आचरण में परिवर्तन लाया जा सके। विभिन्न प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच भी संघ पिछले 100 वर्षों के दौरान निरंतर आगे बढ़ता रहा क्योंकि संघ द्वारा शाखा पद्धति के रूप में एक अभिनव पद्धति का निर्माण एवं प्रयोग किया था। दूसरे, संघ व्यक्ति निरपेक्षता की नीति पर चलता आया है, अर्थात, स्वयसेवकों ने अपने आप को संगठन से सदैव नीचे रखा है। आज संघ की एक व्यापक संगठनात्मक रचना खड़ी हो गई है।

संघ का लक्ष्य अपने संगठन को बड़ा बनाने का नहीं है बल्कि अपने संगठन को समाजव्यापी बनाने का लक्ष्य लेकर संघ आगे बढ़ रहा है। हिंदू समाज बड़ा बने एवं भारत एक बार पुनः परम वैभव की स्थिति पर आ जाए, यही संघ का मुख्य ध्येय है। भारतीय समाज पूर्ण रूप से एक रस हो जाए, इससे भी संघ की स्थापना के उद्देश्य की पूर्ति हो जाती है। संघ ने 100 वर्षों की एक लम्बी यात्रा सफलतापूर्वक तय कर ली है परंतु अभी भी बहुत कुछ कार्य शेष है। इस दृष्टि से आगे आने वाले समय में संघ के स्वयसेवकों के लिए करणीय कार्य क्या हो सकते हैं, इसका वर्णन हाल ही में संघ के माननीय सह सरकार्यवाह श्री अतुल लिमये जी द्वारा प्रदत्त एक उदबोधन में मिलता है। इन करणीय कार्यों को तेजी से सम्पन्न करने की आज आवश्यकता है क्योंकि इस दृष्टि से संघ की प्रतिस्पर्धा आज किसी अन्य संगठन के साथ नहीं बल्कि समय के साथ है।

राष्ट्र में व्यक्ति निर्माण की प्रक्रिया चलाने वाली शाखाओं का विस्तार तेजी से करने की आज आवश्यकता है। आज पूरे देश में लगभग 72.42 प्रतिशत बस्तियों एवं 69 प्रतिशत मंडलों में संघ की शाखाएं एवं साप्ताहिक मिलन चलाए जा रहे है। इसका आशय यह है कि देश में लगभग 30 प्रतिशत बस्तियां एवं 31 प्रतिशत मंडल अभी भी संघ कार्य विहीन हैं। अतः प्रथम लक्ष्य है कि तेज गति से उक्त शेष बस्तियों एवं मंडलों में शखाएं खड़ी हो जाए। राम मंदिर निधि संकलन अभियान के समय लगभग 14 करोड़ परिवारों से सम्पर्क किया गया था, एक परिवार में यदि 5 सदस्य माने जाय तो लगभग 70 करोड़ नागरिकों के साथ उस समय सम्पर्क हुआ था। अतः देश की कुल जनसंख्या के 50 प्रतिशत नागरिकों के साथ केवल 45 दिनों में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से सम्पर्क किया गया था। हालांकि इस अभियान में स्वयसेवकों के साथ समाज के अन्य संगठन एवं नागरिक भी जुड़े थे। अतः शेष बस्तियों एवं मंडलों में संघ की शाखा की स्थापना के कार्य को समाजजन के सहयोग से गति दी जा सकती है।

भारत में आज संघ के स्वयंसेवकों के गुणों के चलते उनकी एक अलग पहिचान है। सादगी, मितव्यितता, प्रामाणिकता, अनुशासन, समर्पण का भाव आदि तत्व स्वयसेवकों के गुणों में शामिल हैं। समाज जीवन में संघ की पहिचान संघ के स्वयंसेवक के माध्यम से ही बनती है। मीडिया सहित प्रचार के विभिन्न माध्यमों से संघ के विरोध में बहुत कुछ चलता भी रहता है परंतु समाज में इसका प्रभाव दिखाई नहीं देता है, क्योंकि स्वयंसेवक के गुण कुछ अलग ही कहानी वर्णित करते हैं। शाखा के गुणवत्ता पूर्ण कार्यक्रम स्वयंसेवक में राष्ट्रत्व का जो भाव गढ़ते हैं वह स्वयंसेवक में स्पष्ट रूप से दिखाई भी देता है। इस भाव को आज आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। शाखा विस्तार के साथ साथ स्वयसेवकत्व के उक्त गुणों को भी बनाए रखना आवश्यक है।

आज संघ के विचार को समाज के बीच ले जाने की भी महती अवस्यकता है। इसके लिए स्वयसेवकों को समाज के बीच में जाकर कार्य करने पड़ेंगे। समाज में वैचारिक विमर्श का निर्माण करने की आवस्यकता है। भारत को यदि परम वैभवशाली देश बनाना है तो समाज का मन अनुकूल रखना होगा। देश की अपनी व्यवस्थाओं के प्रति आस्था रखने वाला समाज तैयार करना होगा। नागरिक कर्तव्य के बोध को बढ़ावा देने वाला समाज होना चाहिए। आज भारत में कुछ शक्तियां समाज में छोटे छोटे विभेद को बड़ा करने का प्रयास करती हुई नजर आ रही है। समाज के बीच अनास्था का निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्य को समाज के बीच फैलाने के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया, आदि माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है। अतः समाज के बीच राष्ट्रीय विचारधारा से ओतप्रोत विचार प्रसारित करने हेतु अकादमिक जगत के नागरिकों को अपने साथ जोड़ना होगा एवं विमर्श तैयार करना होगा ताकि समाज को राष्ट्रानुकूल बनाया जा सके।

आज समाज का प्रत्यक्ष आचरण बदलने की भी आवश्यकता है। समाज के बीच आपस में विषमता एवं कटुता के कुछ उदाहरण आज भी दिखाई देते हैं। इससे समाज में समरसता प्रभावित होती हुई दिखाई देती है। आचरण बदलने के लिए अपनी एक व्यवस्था खड़ी करने की आवश्यकता है, जिससे समाज को समरस बनाया जा सके। विभिन्न समाजों के बीच कटुता फैलाने के लिए कुछ बाहरी शक्तियां भी सक्रिय बनी हुई हैं। पंच परिवर्तन की प्रक्रिया को बल देकर समाज जीवन का आचरण बदलने के प्रयास किए जा सकते हैं। समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करना होगा। पंच परिवर्तन की प्रक्रिया को स्वयं के आचरण में लाकर ही नागरिकों का स्वभाव भी बदला जा सकता है। इस संदर्भ में कुछ रचनाएं खड़ी करने एवं कार्यपद्धती विकसित करने की आवश्यकता भी होगी। यह सही है कि आज समाज जीवन में कुछ समस्याएँ भी दिखाई देती हैं। जैसे, भ्रष्टाचार, युवाओं में नशे का बढ़ता प्रभाव, कुटुंब विच्छेद,, जमीन के जल स्तर में कमी, रासायनिक खाद का बढ़ता उपयोग, महंगी हो रही शिक्षा, आदि। इन समस्याओं का समाधान कैसे करना है, इस विषय पर भी भी आज विचार करने की आवश्यकता है। इसी प्रकार समाज में आज कुछ चुनौतियां भी मुंह बाये खड़ी है, जैसे मतांतरण, बड़ी मात्रा में जनसंख्या असंतुलन, सीमावर्ति क्षेत्रों में जनसंख्या का परिवर्तन, आदि। हम हिंदू नहीं है इस भाव को भी समाज के बीच फैलाने के प्रयास हो रहे है। विच्छेद निर्माण करने वाले आंदोलन हो रहे हैं एवं समाज के बीच अलगाव को बढ़ावा देने के प्रयास कुछ विदेशी ताकतों द्वारा किए जा रहे हैं। इन चुनौतियों का उत्तर भी देने की आज आवश्यकता है। शासन तो अपना काम कर ही रहा है परंतु समाज को भी इस संदर्भ में आज जगाने की आवश्यकता है। इस महती कार्य में सम्पूर्ण समाज की सहभागिता आवश्यक है। समाज जीवन में वैचारिक विमर्श को लेकर सम्पूर्ण समाज को जोड़ना होगा। इस पुनीत कार्य में समाज की सहभागिता कैसे बढ़ाना इसके लिए गम्भीरता से काम करने की आज आवश्यकता है। देश के लिए कुछ अच्छा करने का भाव समाज के बीच जागृत हुआ है एवं एवं समाज में कुछ नागरिक देश के लिए अच्छा काम करना चाहते हैं। परंतु, इस प्रकार का भाव रखने वाले नागरिकों के बीच समन्वय किस प्रकार स्थापित हो, इसके बारे में आज विचार करने की आवश्यकता है। बहुत से नागरिक देश के हित में बहुत कुछ करना चाहते हैं, उन्हें अलग अलग कामों की रचनाओं के साथ किस प्रकार जोड़ा जाए, इस विषय पर भी विचार करने की आज आवश्यकता है। देश में विभिन्न धार्मिक संगठन, सामाजिक संगठन, सांस्कृतिक संगठन आदि भी भारत को परम वैभव तक ले जाने के उद्देश्य से कार्य कर रहे हैं, इन समस्त संगठनों के बीच समन्वय का कार्य किस प्रकार स्थापित किया जा सकता है, इस संदर्भ में भी कार्य करने की आज आवश्यकता है।

आज सम्पूर्ण समाज को साथ लेने की मनःस्थिति समस्त स्वयसेवकों एवं समाज के जागरूक नागरिकों को बनाने की आवश्यकता है। सम्पूर्ण समाज को साथ लेने की कार्यपद्धती भी विकसित करने की आवश्यकता है। समाज जीवन में परिवर्तन के लिए समस्त समविचारी संगठनों को साथ में आना होगा। हिंदू धर्म एवं हिन्दू समाज की रक्षा करने का दायित्व इन समस्त संगठनों का है। इन संगठनों के बीच तालमेल विकसित करने की आज महती आवश्यकता है।

प्रदूषण के अंधकार में दीपावली की रोशनी कैसे मनाएं?



आस्था, परंपरा और उत्सव के नाम पर क्या हम आने वाली पीढ़ियों की सांसों से समझौता कर सकते हैं? दिल्ली देश की राजधानी ही नहीं, बल्कि राजनीतिक, प्रशासनिक, आर्थिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का एक बड़ा केंद्र भी है। यहां देश के कोने-कोने से लोग अपने सपनों को साकार करने आते हैं। दिल्ली-एनसीआर ऐसा क्षेत्र है, जहां हर कोई बेहतर भविष्य, रोजगार और जीवन की संभावनाएं तलाशता है। लेकिन विडंबना देखिए कि जिस शहर को लोग अपने सपनों का ठिकाना बनाना चाहते हैं, उसी शहर की हवा आज उनकी जिंदगी के लिए खतरा बनती जा रही है। प्रदूषण की मार ऐसी है कि खुले आसमान के नीचे सांस लेना भी किसी चुनौती से कम नहीं रह गया है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर प्रदूषण के इस घुटन भरे माहौल में हम दीपावली का पर्व कैसे मनाएं?

दीपावली भारतीय संस्कृति और परंपरा का ऐसा पर्व है, जिसका धार्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व सदियों पुराना है। यह अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। मान्यता है कि चौदह वर्ष का वनवास पूरा करने के बाद भगवान श्रीराम जब माता सीता और लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटे थे, तब उनके स्वागत में अयोध्यावासियों सहित पूरे अखंड भारत ने घर-घर दीप जलाकर खुशियां मनाई थीं। तभी से दीपावली का पर्व प्रकाश और उल्लास के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना भी की जाती है।लेकिन समय के साथ दीपावली मनाने के तौर-तरीकों में काफी बदलाव आया है। मिट्टी के दीपों, घरों की सजावट, पारिवारिक मेल-मिलाप और पारंपरिक मिठाइयों का स्थान धीरे-धीरे दिखावे और आतिशबाजी की प्रतिस्पर्धा ने ले लिया है। आसमान को रंग-बिरंगी रोशनी से भर देने की होड़ में हम यह भूल जाते हैं कि कुछ घंटों का हमारा मनोरंजन किसी दूसरे के लिए सांसों का संकट बन सकता है। हजारों की संख्या में छोड़े जाने वाले पटाखे वातावरण में जहरीले कण, धुआं और हानिकारक गैसें घोल देते हैं। इसका प्रभाव केवल दीपावली की रात तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पहले से प्रदूषित हवा की स्थिति को और गंभीर बना देता है।

दिल्ली-एनसीआर की स्थिति इस लिहाज से विशेष चिंता का विषय है। यहां पहले ही वाहनों का धुआं, औद्योगिक उत्सर्जन, निर्माण कार्यों से उड़ती धूल, कूड़ा जलाने और आसपास के क्षेत्रों में पराली जलाने जैसे अनेक कारणों से वायु प्रदूषण का दबाव बना रहता है। ऐसे में आतिशबाजी इस संकट को और बढ़ाने का काम करती है। इसका सबसे अधिक खामियाजा बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और सांस संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों को भुगतना पड़ता है। कई मासूम बच्चे ऐसी हवा में सांस लेने को मजबूर होते हैं, जो उनके स्वस्थ बचपन और बेहतर भविष्य के लिए खतरा बन सकती है। प्रदूषण केवल आंखों में जलन, खांसी या सांस फूलने तक सीमित नहीं है, बल्कि लंबे समय तक इसके संपर्क में रहने से हृदय और फेफड़ों से जुड़ी गंभीर बीमारियों का जोखिम भी बढ़ता है।

विडंबना यह है कि हम एक ओर मां लक्ष्मी से घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना करते हैं, वहीं दूसरी ओर अपनी ही गतिविधियों से जीवन की सबसे अनमोल संपत्ति यानी स्वच्छ हवा को दूषित कर देते हैं। जिस दीपावली का उद्देश्य जीवन में प्रकाश और सकारात्मकता लाना है, क्या उसे धुएं और जहरीली हवा के बीच मनाना उचित है? क्या कुछ मिनटों की आतिशबाजी उन लोगों की तकलीफ से अधिक महत्वपूर्ण हो सकती है, जिन्हें प्रदूषण के कारण अस्पतालों का रुख करना पड़ता है?

यहां यह समझना भी जरूरी है कि दीपावली पर पटाखे न चलाने की अपील किसी धार्मिक परंपरा या आस्था के विरोध में नहीं है। भारतीय संस्कृति तो प्रकृति को पूजने और उसके संरक्षण का संदेश देती रही है। हमारे पर्व और त्योहार भी प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। ऐसे में पर्यावरण की रक्षा करना हमारी धार्मिक और सामाजिक जिम्मेदारी का ही हिस्सा होना चाहिए। भगवान श्रीराम के आदर्शों में मर्यादा, करुणा, त्याग और लोककल्याण का विशेष स्थान है। उनके आगमन की खुशी में मनाए जाने वाले पर्व पर यदि हम किसी दूसरे के जीवन को संकट में डालें, तो हमें अपनी उत्सव परंपरा के वास्तविक उद्देश्य पर विचार करना चाहिए।

सरकार और न्यायालय समय-समय पर प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाते रहे हैं। पटाखों की बिक्री, उनके इस्तेमाल और ध्वनि प्रदूषण को लेकर दिशा निर्देश भी जारी किए जाते हैं। लेकिन केवल सरकारी आदेशों से इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। जब तक नागरिक स्वयं अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेंगे, तब तक प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई अधूरी रहेगी। यह भी जरूरी है कि नियमों का पालन केवल कागजों तक सीमित न रहे। प्रशासन को अवैध पटाखों की बिक्री और प्रतिबंधित आतिशबाजी पर प्रभावी निगरानी रखनी चाहिए। साथ ही पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों के प्रति जागरूकता बढ़ानी होगी।

दीपावली की खुशी मनाने के लिए आतिशबाजी अनिवार्य नहीं है। हम मिट्टी के दीपक जलाकर, घरों को सजाकर, जरूरतमंद परिवारों की मदद करके, बच्चों को मिठाइयां बांटकर और परिवार के साथ समय बिताकर भी इस पर्व को यादगार बना सकते हैं। स्थानीय कुम्हारों से मिट्टी के दीप खरीदना न केवल हमारी परंपरा को जीवित रखेगा, बल्कि उनके रोजगार को भी सहारा देगा। सामूहिक रूप से दीपोत्सव आयोजित करना और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेना इस पर्व को और अधिक सार्थक बना सकता है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों के बारे में सोचना होगा। क्या हम अपने बच्चों को ऐसा वातावरण देना चाहते हैं, जहां दीपावली के अगले दिन उन्हें स्वच्छ हवा के बजाय प्रदूषण की चादर मिले? क्या हम चाहते हैं कि त्योहारों की खुशी के बाद अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़े? यदि नहीं, तो बदलाव की शुरुआत हमें स्वयं से करनी होगी।

दीपावली अंधकार को मिटाकर प्रकाश फैलाने का पर्व है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम केवल अपने घरों को ही नहीं, बल्कि अपने विचारों को भी रोशन करें। आतिशबाजी के शोर और धुएं से ऊपर उठकर जीवन, स्वास्थ्य और प्रकृति को प्राथमिकता दें। आखिर त्योहार तभी सार्थक है, जब उसकी खुशियां सभी के हिस्से में आएं।

इस दीपावली संकल्प लें कि घर-आंगन में दीप जलेंगे, लेकिन किसी की सांसों में धुआं नहीं भरेंगे। क्योंकि असली दीपावली वही है, जिसमें रोशनी भी हो, खुशहाली भी हो और हर किसी के हिस्से में स्वच्छ हवा भी आए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक, राजनीतिक विचारक है।)

द आइकॉनिक स्कूल, जलालपुर खुर्द में दीपावली पर छात्राओं ने बनाई आकर्षक रंगोलियाँ



अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के द आइकॉनिक स्कूल, जलालपुर खुर्द में शनिवार को दीपावली का पावन पर्व हर्षोल्लास, उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में दीपों की रोशनी और रंग-बिरंगी सजावट से उत्सव का माहौल छा गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन ने विभिन्न रंगारंग एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रंगोली निर्माण प्रतियोगिता रही। छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता, कल्पनाशक्ति और कलात्मक कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए आकर्षक एवं मनमोहक रंगोलियाँ बनाईं। रंगों के सुंदर संयोजन, फूलों के डिजाइनों, दीपकों और पारंपरिक आकृतियों से सजी ये रंगोलियाँ देखने वालों का मन मोह रही थीं। प्रतियोगिता में हाउसों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल रहा। प्रतियोगिता के परिणाम में प्रथम स्थान पर अल्फा हाउस, द्वितीय स्थान पर चार्ली हाउस, तृतीय स्थान पर डेल्टा हाउस रही । इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर दीपक धारियाल एवं प्रधानाचार्य बाबू खान ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में रचनात्मकता, टीम भावना और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देते हैं। दोनों ने सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा सुख, समृद्धि व प्रकाशमय जीवन की कामना की।

ट्यूबवेलों से स्टार्टर व केबिल चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश, 5 गिरफ्तार



सैदनगली/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी हसनपुर पंकज कुमार त्यागी के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष थाना सैदनगली के नेतृत्व में थाना सैदनगली पुलिस ने ट्यूबवेलों से स्टार्टर व केबिल चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को उ0नि0 सतेन्द्र नागर मय पुलिस टीम क्षेत्र में शांति व्यवस्था, रात्रि गश्त एवं संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 05.11.2026 की रात्रि ग्राम हरियाना एवं आसपास के गांवों के जंगल में ट्यूबवेलों से स्टार्टर चोरी करने वाले गिरोह के सदस्य पुनः चोरी करने की फिराक में ग्राम जीहल की ओर से ढक्का की तरफ आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने फिरोजाबाद नहर पुल पर चेकिंग शुरू की। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार 05 संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया तो वे पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पांचों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के 04 स्टार्टर कवर, 353 ग्राम सुनहरी तांबे का तार तथा चोरी में प्रयुक्त 02 पेचकस, एक लोहे की रॉड, एक प्लास एवं एक आरी का ब्लेड बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्तों ने एक राय होकर ग्राम हरियाना एवं आसपास के गांवों के जंगल में स्थित ट्यूबवेलों से स्टार्टर व केबिल चोरी करने की बात स्वीकार की। बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 285/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस में आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त बरामद दोनों मोटरसाइकिलों के आवश्यक कागजात प्रस्तुत न करने पर धारा 207 एमवी एक्ट के अंतर्गत सीज किया गया है। खबर लिखे जाने तक अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा था।

सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया गया दीपावली पर्व



नहटौर/बिजनौर (सब का सपना):- बलराम कुँवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नहटौर में धूमधाम से मनाया गया दीपावली पर्व, दीप जलाकर दिया आपसी प्रेम और सद्भाव का संदेश बलराम कुँवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नहटौर में दीपावली का पावन पर्व अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा और उपप्रधानाचार्य विनेशपाल सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर पूरा विद्यालय प्रांगण दीपों की रोशनी और सुंदर रंगोलियों से जगमगा उठा। समारोह के मुख्य वक्ता शिक्षक दिनेश कुमार ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को दीपावली के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण-अनुकूल और सुरक्षित तरीके से दीपावली मनाने का संदेश देते हुए पटाखों से दूर रहने और जरूरतमंदों के साथ खुशियां बांटने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान उप प्रधानाचार्य विनेशपाल सिंह और प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा ने दीपावली के महत्व के विषय में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि दीपावली केवल दीपों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह हमारे भीतर की बुराइयों और नकारात्मकता को समाप्त कर ज्ञान का प्रकाश फैलाने का अवसर है।

उन्होंने सभी से मिलजुलकर रहने और समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा एवं सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया। इस विशेष अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भाषण और आकर्षक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

ट्यूबवेलों से स्टार्टर व केबिल चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश, 5 गिरफ्तार



अमरोहा (सब का सपना):- जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि जनपद अमरोहा के राजकीय कृषि बीज संवर्धन प्रक्षेत्रों पर बीज विधान हेतु उपरान्त प्राप्त छानस की नीलामी राजकीय बीज भंडार गोदाम, अमरोहा पर दिनांक 18 नवंबर 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे खुली बोली के माध्यम से कराई जाएगी। नीलामी में उपलब्ध छानस का विवरण निम्नवत है। राजकीय कृषि बीज संवर्धन प्रक्षेत्र मकनपुर में गेहूं की 14.55 कुंतल, सरसों की 1.38 कुंतल तथा मटर की 0.30 कुंतल छानस उपलब्ध है, जिसकी कुल मात्रा 16.23 कुंतल है। इसी प्रकार कलाखेड़ा प्रक्षेत्र में गेहूं की 16.66 कुंतल, सरसों की 1.01 कुंतल तथा मटर की 0.26 कुंतल छानस उपलब्ध है, जिसकी कुल मात्रा 17.93 कुंतल है। दोनों प्रक्षेत्रों पर कुल 34.16 कुंतल छानस उपलब्ध है, जिसमें गेहूं 31.21 कुंतल, सरसों 2.39 कुंतल तथा मटर 0.56 कुंतल सम्मिलित है। नीलामी दिनांक 18 नवंबर 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे राजकीय बीज भंडार गोदाम, अमरोहा में खुली बोली के रूप में संपन्न कराई जाएगी। बोली में भाग लेने के इच्छुक बोलीदाताओं को बोली से पूर्व ड्0,000 (दस हजार रुपये मात्र) की जमानत धनराशि राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से "District Agriculture Officer, Amroha" के पक्ष में जमा करना अनिवार्य होगा। जमानत धनराशि जमा न करने वाले बोलीदाता को बोली में प्रतिभाग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बोली समाप्त होने के पश्चात सफल बोलीदाता को कुल बोली धनराशि के अग्रिम भाग की धनराशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से "District Agriculture Officer, Amroha" के पक्ष में जमा करनी होगी। शेष धनराशि अगले कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रत्येक दशा में जमा करना अनिवार्य होगा। नीलामी में उपलब्ध छानस के स्टॉक का निरीक्षण राजकीय कृषि बीज विधान संयंत्र, अमरोहा पर जाकर किया जा सकता है। बोली स्वीकृत होने के उपरांत शेष धनराशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करने के बाद एक सप्ताह के अंदर संबंधित स्टॉक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। बोली स्वीकृत होने के उपरांत उक्त स्टॉक का मंडी शुल्क जमा करना भी अनिवार्य होगा। स्टॉक की तुलाई, ढुलाई एवं पल्लेदारी आदि का वहन बोलीदाता द्वारा स्वयं किया जाएगा। देय बिक्री कर/व्यापार कर का भुगतान बोलीदाता को अलग से करना होगा। बोलीदाता को बोली छूटने के एक सप्ताह के अंदर नियमानुसार स्टॉक उठाना होगा। बिना पूर्व कारण बताओ नोटिस के नीलामी स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार समिति के पास सुरक्षित रहेगा, जिसमें किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। यदि निर्धारित समय के अंतर्गत स्टॉक नहीं उठाया जाता है, तो प्रति दिन प्रति कुंतल ड्2.00 की दर से वसूली की जाएगी तथा 10 दिन बाद जमा जमानत धनराशि जब्त कर ली जाएगी। नीलामी में केवल मंडी समिति में पंजीकृत बोलीदाता ही प्रतिभाग कर सकेंगे।

महिला को बचाने के प्रयास में बाइक सवार मजदूर की मौत, परिवार की दीपावली मातम में बदली

मोबाइल पर बात करते हुए सड़क पार कर रही थी महिला, अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरे बाइक सवार ने अस्पताल में तोड़ा दम

नगीना/बिजनौर (सब का सपना):- मोबाइल पर बात करते हुए सड़क पार कर रही एक महिला को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से 65 वर्षीय मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में मजदूर की मौत से परिवार में धनतेरस और दीपावली की खुशियां मातम में बदल गईं। शनिवार को गमगीन माहौल में परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम तिगरी मनकावाला निवासी 65 वर्षीय ओमप्रकाश पुत्र मान सिंह नगर के मोहल्ला अंबेडकर नगर स्थित एक आरओ पानी के प्लांट पर मजदूरी करते थे। वह रिक्शे के माध्यम से लोगों के घरों और दुकानों पर पानी के कूलर पहुंचाने का काम करते थे। बताया जाता है कि शुक्रवार दोपहर करीब ढाई बजे काम समाप्त करने के बाद ओमप्रकाश बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वह एनएच-374 स्थित नगीना-धामपुर मार्ग पर ग्राम पुरैनी के निकट पहुंचे, तभी एक प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका मोबाइल फोन पर बात करते हुए सड़क पार करने लगी। महिला को अचानक सामने देखकर ओमप्रकाश ने काफी दूर से हॉर्न बजाकर सचेत करने का प्रयास किया, लेकिन मोबाइल पर बात करने में व्यस्त होने के कारण महिला हॉर्न नहीं सुन सकी। महिला को बचाने के प्रयास में ओमप्रकाश की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से घायल ओमप्रकाश को नगीना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि जिला अस्पताल में उपचार संबंधी कागजी कार्रवाई पूरी होने में करीब एक घंटे का समय लग गया। इस दौरान घायल ओमप्रकाश जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करते रहे। परिजनों का मानना है कि यदि उन्हें समय रहते बेहतर उपचार मिल जाता तो शायद उनकी जान बच सकती थी।परिजन किसी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते थे। इसी के चलते वे शव को बिना पोस्टमार्टम कराए घर ले आए। शनिवार सुबह परिजनों और ग्रामीणों ने गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार कर दिया। ओमप्रकाश की अचानक हुई मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। त्योहार की तैयारियों में जुटे परिवार की दीपावली की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। उधर, हादसे के बाद सड़क पार कर रही महिला शिक्षिका के संबंध में यह जानकारी नहीं मिल सकी कि वह कहां की रहने वाली थी और हादसे में उसे कोई चोट आई थी या नहीं।

बहजोई में धूमधाम से मनाई गई छोटी दीपावली, दीपों की रोशनी से जगमगाया नगर

घरों से लेकर प्रतिष्ठानों तक हुई आकर्षक सजावट, बाजारों में खरीदारी को उमड़ी लोगों की भीड़



बहजोई/संभल (सब का सपना):- जनपद के बहजोई नगर में शनिवार को छोटी दीपावली का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर सुबह से ही नगर में चहल-पहल दिखाई दी। लोगों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों की साफ-सफाई कर आकर्षक ढंग से सजावट की। शाम होते ही घरों के आंगन, छतों और मुख्य द्वारों पर दीपक जलाए गए, जिससे पूरा नगर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। छोटी दीपावली के अवसर पर नगर के बाजारों में भी रौनक देखने को मिली। लोगों ने मिठाइयों, फूलों, पूजन सामग्री, मिट्टी के दीपकों और सजावटी सामान की जमकर खरीदारी की। दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। वहीं दुकानदारों ने भी अपने प्रतिष्ठानों को रंग-बिरंगी झालरों और आकर्षक लाइटों से सजाया। पर्व के अवसर पर महिलाओं और युवतियों ने घरों के आंगन में सुंदर रंगोलियां सजाईं तथा दीप प्रज्वलित कर खुशियां मनाईं। बच्चों में भी छोटी दीपावली को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। शाम के समय परिवार के सदस्यों ने एक साथ मिलकर दीप जलाए और सुख-समृद्धि की कामना की। नगर के विभिन्न मोहल्लों में दीपों और रंग-बिरंगी रोशनी की आकर्षक छटा देखने को मिली। लोगों ने एक-दूसरे को छोटी दीपावली की शुभकामनाएं दीं। पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। दीपों की जगमगाहट और लोगों के चेहरे पर दिखाई दे रही खुशी ने त्योहार की रौनक को और बढ़ा दिया।





अखंड भारत के मानचित्र पर 108 दीप जलाकर मनाया एक दीप देश के नाम कार्यक्रम



बहजोई/संभल (सब का सपना):- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बहजोई की वीर शिवाजी शाखा (केशव बस्ती) के तत्वावधान में शनिवार को ऊपरकोट स्थित कृष्ण मुरारी मनोरमा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में एक दीप देश के नाम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान अखंड भारत का मानचित्र बनाकर उसके चारों ओर 108 दीप प्रज्वलित किए गए। साथ ही भारत माता का भव्य चित्र स्थापित किया गया। दीपों की रोशनी से सजा अखंड भारत का मानचित्र आकर्षण का केंद्र रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता सम्भल विभाग के सह विभाग प्रचार प्रमुख सम्भव जैन ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने देश की स्वतंत्रता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों एवं वीर क्रांतिकारियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल घरों को रोशन करने का पर्व नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति और सामाजिक चेतना की ज्योति प्रज्वलित करने का अवसर भी है। अखंड भारत के मानचित्र पर 108 दीप जलाना सांस्कृतिक एकात्मता और राष्ट्रीय अखंडता के प्रति अटूट संकल्प का प्रतीक है।

सम्भव जैन ने पंचदिवसीय दीपोत्सव को पांच संकल्पों के साथ मनाने का आह्वान किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, नैतिक कर्तव्यों का पालन, भारतीय परिवार प्रबोधन तथा स्व के जागरण को राष्ट्र निर्माण का आधार बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को इन संकल्पों को अपने जीवन में अपनाकर राष्ट्रहित में योगदान देना चाहिए।

समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने दायित्वों का निर्वहन करेगा, तभी भारत पुनः विश्व में गौरवशाली स्थान प्राप्त कर सकेगा। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन कौशल कुमार शर्मा ने किया।

बीएमबीएल जैन वर्ल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाई दीपावली, रंगोलियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

विद्यार्थियों ने श्रीराम, माता सीता और हनुमान के स्वरूप में किया अयोध्या वापसी का मंचन, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश





बहजोई/संभल (सब का सपना):- बीएमबीएल जैन वर्ल्ड स्कूल में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और सांस्कृतिक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर दीपों की रोशनी और बच्चों की प्रस्तुतियों से जगमगा उठा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्राकृतिक एवं पर्यावरण-अनुकूल सामग्री से बनाई गई आकर्षक रंगोलियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। बच्चों ने हर्बल रंगों, फूलों और पत्तियों का प्रयोग कर सुंदर रंगोलियां सजाईं तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं विद्यार्थियों ने दीपों की मानव श्रृंखला बनाकर दीपक की सुंदर आकृति तैयार की। इसके अलावा भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी के स्वरूप में सजे बच्चों ने श्रीराम की अयोध्या वापसी का मनमोहक नाट्य मंचन किया। भजनों पर आधारित नृत्य और नाटिकाओं ने कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया। विद्यालय के निदेशक सम्भव जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली प्रकाश, उल्लास और सकारात्मकता का पर्व है। यह हमें अंधकार से प्रकाश और निराशा से आशा की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित तरीके से दीपावली मनाने तथा परिवार और समाज के साथ खुशियां बांटने का संदेश दिया।

प्रधानाचार्य राजीव कुमार गुप्ता ने दीपावली के धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए भगवान श्रीराम के 14 वर्ष का वनवास पूरा कर अयोध्या लौटने की खुशी में दीपोत्सव मनाने की परंपरा के बारे में बताया। साथ ही विद्यार्थियों को दीपावली से जुड़ी अन्य मान्यताओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के प्रांतीय कोषाध्यक्ष राहुल वार्ष्णेय एडवोकेट, राजेश वार्ष्णेय, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय सहित उप प्रधानाचार्य गौरव मेधाव्रत, मेधावी आर्य, रुचि वार्ष्णेय, नव्या गुप्ता, शैवाली वार्ष्णेय, सोनम यादव, नागेश कुमार, अखिलेश कुमार, कुश नंदन, नेत्रपाल सिंह, अक्षय राठौर, मुस्कान, दिया, कशिश, शिवांगी गौतम, सुरेचा गौतम, पूजा, अंजली गुप्ता, कृष्ण गोपाल और शैलेन्द्र यादव सहित समस्त एजुकेटर्स एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेचा गौतम ने किया। सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

महाकोल कंपनी ने दीपावली पर डीलरों को सम्मानित कर बांटे शानदार पुरस्कार

गुड्डू प्लाईवुड संभल के ऑनर डॉ. अजीज उल्ला ने जीता प्रथम पुरस्कार, 43 इंच की सैमसंग एलईडी से हुए सम्मानित



संभल(सब का सपना):- जनपद में महाकोल (निखिल) एडहेसिव लिमिटेड की ओर से दीपावली के अवसर पर मुरादाबाद के होटल मिड टाउन क्लब में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कंपनी ने प्लाईवुड शॉप संचालित करने वाले अपने सहयोगी डीलरों को सम्मानित किया और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को शानदार पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में संभल के पंजू सराय स्थित गुड्डू प्लाईवुड के ऑनर डॉ. अजीज उल्ला ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया। उन्हें पुरस्कार स्वरूप 43 इंच की सैमसंग एलईडी प्रदान की गई। वहीं द्वितीय पुरस्कार आजम प्लाईवुड तथा तृतीय पुरस्कार अरविंद प्लाईवुड अमरोहा को मिला। इस अवसर पर कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट नीरज मिश्रा, जोनल सेल्स मैनेजर विशाल शर्मा और एरिया सेल्स मैनेजर पंकज कुमार अपनी सेल्स टीम के साथ मौजूद रहे। उन्होंने सभी डीलरों का सम्मान करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया और कंपनी के साथ बेहतर तालमेल बनाए रखने की सराहना की। प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले गुड्डू प्लाईवुड के ऑनर डॉ. अजीज उल्ला ने महाकोल (निखिल) एडहेसिव लिमिटेड का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कंपनी अपने सहयोगियों, प्लाईवुड शॉप संचालकों और मिस्त्रियों को समय-समय पर त्योहारों के अवसर पर सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाती रहती है। इस तरह के आयोजन व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के साथ सहयोगियों में उत्साह भी पैदा करते हैं।

दीपावली पर डीएम-एसपी ने चंदौसी में किया फ्लैग मार्च, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

प्रमुख बाजारों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल के साथ किया भ्रमण, बच्चों से दीपक खरीदकर बढ़ाया उत्साह





चंदौसी/संभल (सब का सपना):- दीपावली पर्व पर जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा का भाव मजबूत करने के उद्देश्य से शनिवार को जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी ने पुलिस बल के साथ चंदौसी नगर में फ्लैग मार्च किया।

फ्लैग मार्च फव्वारा चौक से शुरू होकर बड़ा बाजार, घास मंडी, पड़ाव बाजार, नमक मंडी, सराफा बाजार, घंटाघर, घंटाघर चौक, हुसैनी बाजार और मुरादाबाद गेट होते हुए पुनः फव्वारा चौक पर पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान अधिकारियों ने नगर के प्रमुख बाजारों एवं संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही लोगों को दीपावली का पर्व आपसी सौहार्द, शांति और भाईचारे के साथ मनाने का संदेश दिया। फ्लैग मार्च के दौरान फव्वारा चौक पर जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने मिट्टी के दीपक बेच रहे बच्चों से बातचीत की। उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई और शिक्षा के बारे में जानकारी ली। इसके बाद जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों ने बच्चों से मिट्टी के दीपक खरीदे और उनका उत्साहवर्धन किया। अधिकारियों की इस पहल से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ बच्चों का मनोबल भी बढ़ा। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी, क्षेत्राधिकारी चंदौसी सहित संबंधित अधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

नेशनल हाईवे पर ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर, दो महिलाओं की मौत, आठ घायल

अंतिम संस्कार से लौट रहे थे 25 से 30 लोग, भकरौली गांव के पास हुआ दर्दनाक हादसा, टक्कर से ट्रैक्टर और ट्रॉली हुए अलग





बहजोई/संभल (सब का सपना):- जनपद में आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर शुक्रवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। धनारी थाना क्षेत्र के भकरौली गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से ट्रैक्टर-ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि करीब आठ से दस लोग घायल हो गए। हादसे के समय ट्रैक्टर-ट्रॉली में 25 से 30 लोग सवार थे, जिनमें अधिकांश महिलाएं थीं। सभी लोग अजीतपुर गांव में एक महिला के अंतिम संस्कार में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे गुन्नौर तहसील क्षेत्र के धनारी थाना अंतर्गत भकरौली गांव के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली पहुंची थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने उसमें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर और ट्रॉली अलग-अलग हो गए तथा उसमें सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई पहुंचाया। रात करीब नौ बजे तक घायलों को अस्पताल लाया गया। अस्पताल में पांच घायलों के साथ एक महिला को मृत अवस्था में लाया गया था। वहीं उपचार के दौरान रात करीब 10:30 बजे गंभीर रूप से घायल दूसरी महिला ने भी दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान रचना उर्फ नन्ही (40) पत्नी रामखिलाड़ी निवासी गांव खऊपुरा थाना रजपुरा तथा नथिया (45) पत्नी ओमपाल निवासी गांव गढ़ा थाना धनारी के रूप में हुई है। हादसे में माया पत्नी तेजपाल, शीला पत्नी बनवारी, कस्तूरी पत्नी राजपाल, महारानी, शीला और देवेंद्र समेत करीब आठ से दस लोग घायल बताए गए हैं। जानकारी के अनुसार दो घायलों को नायब तहसीलदार अपने साथ उपचार के लिए ले गए थे।

हादसे की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया। सीएचसी बहजोई के चिकित्सक डॉ. सचिन वर्मा ने बताया कि अस्पताल में पांच घायल और एक मृत महिला को लाया गया था। वहीं धनारी थाना प्रभारी नरेश पाल सिंह यादव ने हादसे में दो महिलाओं की मौत और करीब आठ लोगों के घायल होने की पुष्टि की है।

डीएम और एसपी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस





चंदौसी/संभल (सब का सपना):- शनिवार को तहसील चंदौसी में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक जनपद संभल विकास चन्द्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों को अधिकारियों के समक्ष रखा। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने एक-एक कर फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि फरियादियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके लिए अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समयसीमा में कार्रवाई करें। पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण निष्पक्षता के साथ किया जाए और पीड़ितों को न्याय दिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं का प्रभावी निस्तारण प्रशासन की प्राथमिकता है। समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर अपनी समस्याएं रखने और उनका उचित समाधान प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध कराना है। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 194 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ





बहजोई/संभल (सब का सपना):- प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर बहजोई के बड़े मैदान में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विकासखंड पंवासा के 194 पात्र जोड़ों का विवाह गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया गया। इस दौरान 170 हिंदू और 24 मुस्लिम जोड़ों ने अपनी-अपनी धार्मिक एवं सामाजिक परंपराओं के अनुसार वैवाहिक रस्में पूरी कर एक-दूसरे का हाथ थामा।

कार्यक्रम जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की उपस्थिति में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़गवंशी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रदेश सरकार की सराहनीय एवं जनकल्याणकारी पहल है। इसके माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक कराया जा रहा है। यह योजना जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल देने के साथ समाज में समानता, सामाजिक समरसता और सर्वधर्म सद्भाव को भी मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ऐसे आयोजन समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देते हैं। योजना के तहत प्रत्येक पात्र जोड़े पर कुल एक लाख रुपये व्यय किए जाते हैं। इसमें 64 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में हस्तांतरित किए जाते हैं, 21 हजार रुपये की उपहार सामग्री दी जाती है तथा 15 हजार रुपये विवाह समारोह के आयोजन पर खर्च किए जाते हैं। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख पंवासा के प्रतिनिधि हृदेश यादव मौजूद रहे। इसके अलावा जिला विकास अधिकारी राम आशीष, उपनिदेशक कृषि अरुण कुमार त्रिपाठी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस), खंड विकास अधिकारी पंवासा तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी नवविवाहित जोड़ों को सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

अपर जिलाधिकारी ने मंडी परिषद और एफसीआई क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर धान और बाजरा खरीद व्यवस्थाओं का लिया जायजा



सम्भल (सब का सपना):- जनपद में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने और सरकारी क्रय केंद्रों पर खरीद व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से शनिवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यप्रिय सिंह ने मंडी परिषद सम्भल की मंडी प्रथम और मंडी द्वितीय का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन में किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने मंडियों में संचालित धान एवं बाजरा खरीद केंद्रों की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्रय केंद्रों पर खरीद प्रक्रिया की स्थिति और किसानों की उपज की खरीद से संबंधित अभिलेखों का जायजा लिया। साथ ही अधिकारियों से अब तक हुई खरीद और किसानों को किए जा रहे भुगतान की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकारी क्रय केंद्रों पर अपनी उपज बेचने आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्रय केंद्रों पर खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संचालित की जाए। किसानों की उपज निर्धारित मानकों के अनुसार खरीदी जाए और खरीद के बाद भुगतान में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को क्रय केंद्रों पर बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए।इसके बाद अपर जिलाधिकारी ने सम्भल मंडी स्थित भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के क्रय केंद्र का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने धान खरीद की प्रगति की जानकारी लेते हुए केंद्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप निर्धारित नियमों और मानकों का पालन करते हुए किसानों से धान की खरीद सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी खरीद व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारी किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए खरीद कार्य को समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराएं। साथ ही किसानों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करें ताकि उन्हें सरकारी खरीद योजना का पूरा लाभ मिल सके।

संक्षिप्त डायरी

महिला से मारपीट मामले में केस दर्ज

एजेंसी

नोएडा। पति से संबंधों के विवाद में एक महिला के घर पहुंचकर मारपीट, अभद्रता और उसकी दो बच्चियों को अगवा करने की कोशिश का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने उसके कपड़े फाड़ दिए और छोटी बेटी को बोरे में डालकर कार की डिग्गी में रखने लगे। बच्चियों को बचाने के लिए महिला कार के आगे लेट गई और शोर मचाकर लोगों को बुलाया। कोर्ट के आदेश पर महिला थाना पुलिस ने आठ नामजद समेत दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। सेक्टर-19 निवासी महिला की शादी 2015 में हितेंद्र प्रताप राणा से हुई थी। उनकी दो बेटियां हैं। आरोप है कि शिवानी गुप्ता उनके पति पर प्रभाव रखती है और तलाक देने का दबाव बनाती थी। तीन अगस्त 2026 को शिवानी, उसकी बहन आकांक्षा, भाई सिद्धांत समेत अन्य लोग घर पहुंचे और मारपीट की। महिला का आरोप है कि बच्चियों के साथ भी अभद्रता की गई। शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होने के बाद उन्होंने कोर्ट का रुख किया। न्यायालय के आदेश पर मामले में अब केस दर्ज हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ट्रायल के दूसरे दिन 12 घंटे में 32 हजार वाहन गुजरे

एजेंसी

नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौर चौक अंडरपास से ट्रायल के दूसरे दिन करीब 32 हजार वाहनों ने 12 घंटे के दौरान फरार्टा भरा। पहले दिन सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक करीब 14 हजार वाहन अंडरपास से गुजरे थे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का दावा है कि ट्रायल का दूसरा दिन भी सफल रहा। नव निर्माण होने के कारण थोड़ी धूल की परेशानी हो रही है, बाकी ट्रैफिक संचालन में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आ रहा है। बता दें कि इस अंडपास को वाहनों की आवाजाही के ट्रायल के लिए गुरुवार 5 नवंबर को आम लोगों के लिए खोल दिया। अंडरपास के खुलते ही शाम छह बजे तक 14 हजार वाहन इससे होकर गंतव्य की ओर गुजरे। यही सिलसिला शुक्रवार को भी ट्रायल के दूसरे दिन जारी रहा। शुक्रवार को यह संख्या बढ़कर 32 हजार के करीब पहुंच गया। अंडरपास को 8 नवंबर तक ट्रायल के लिए खोला गया है। सबकुछ ठीक रहा तो 12 नवंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका औपचारिक शुभारंभ कर सकते हैं। इस अंडरपास का निर्माण 15 फरवरी 2025 को शुरू हुआ था और 30 अक्टूबर 2026 को खत्म हुआ है। यह अंडरपास निर्धारित समयावधि (दिसंबर 2026) से पहले ही बनकर तैयार हो गया है। लगभग 99 करोड रुपए खर्च हुए हैं। यह अंडरपास 60 मी रोड के पैरलल बना है। इसकी लंबाई लगभग 720 मीटर है।

थाना प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मी निलंबित

एजेंसी

नोएडा। काम में लापरवाही बरतने पर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने शुक्रवार को साइबर क्राइम थाने के प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। निलंबित पुलिसकर्मियों में थाना प्रभारी विजय सिंह राणा के अलावा सब इंस्पेक्टर विकास और हेड कांस्टेबल विनय कुमार और कमल शामिल हैं। कार्रवाई के बाद साइबर थाने में नए प्रभारी की तैनाती नहीं की गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक साइबर थाने के प्रभारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को बिना सूचना दिए दबिश देने के लिए पुलिस टीम रवाना कर दी थी। नियमानुसार इस तरह की कार्रवाई से पहले संबंधित अधिकारियों को जानकारी देना जरूरी था। थाना प्रभारी की ओर से इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को नहीं दी गई। बाद में जब वरिष्ठ अधिकारियों को बिना अनुमति टीम भेजे जाने की जानकारी मिली तो मामले को गंभीरता से लिया गया। प्रारंभिक स्तर पर इसे पुलिस कार्यप्रणाली में लापरवाही मानते हुए थाना प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई। पुलिस कमिश्नर के इस कदम से पुलिस महकमे में खलबली मच गई है। इससे पहले बीते सप्ताह की फेज तीन और सेक्टर-49 थाना प्रभारी को पुलिस कमिश्नर ने हटाया था। दीवाली के बाद कई अन्य थाना प्रभारियों के बदलने की अटकलें हैं।

अभद्रता के आरोपी को अग्रिम जमानत नहीं

एजेंसी

नोएडा। ग्रेनो वेस्ट की निराला एस्पायर सोसाइटी में गरबा के दौरान महिलाओं से अभद्रता, गाली-गलौज और मारपीट के आरोपी दुर्गेश सिंह उर्फ रुद्र प्रताप सिंह की अग्रिम जमानत अदालत ने खारिज कर दी। मामला थाना बिसरख में दर्ज है। वादी विश्वास कुमार सिंह के अनुसार सोसाइटी में गरबा कार्यक्रम परिवार के साथ शामिल हुए थे। तभी बाहर से चार गाड़ियों में करीब 10 लोग आए। उन्होंने तीन गाड़ियां जबरन अंदर लाकर नो-पार्किंग एरिया में खड़ी कर दी। इसके बाद वह कार्यक्रम में घुस गए और महिलाओं से अभद्रता करने लगे। मना करने पर धमकी देने लगे। इनमे से अधिकांश लोग नशे में थे और गाड़ी हटाने को कहने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। सोसाइटी से बाहर निकलने को कहा गया तो वह गाली देते हुए गाड़ियों में बैठ गए। आरोप है कि इनमें से एक थार से कुछ आरोपी बेकाबू रफ्तार में भागे और रोकने की कोशिश कर रहे गार्ड व निवासियों को कुचलने का प्रयास किया था। गेट बंद होने पर एक आरोपी ने बैरिकेड तोड़ दिया और सब भाग निकले थे। पुलिस एक आरोपी को अपने साथ ले गई, जो खुद को रुद्र प्रताप सिंह बता रहा था। तीन गाड़ियां सोसाइटी परिसर में ही खड़ी मिलीं। अदालत ने कहा कि अग्रिम जमानत का आधार पर्याप्त नहीं है। जमानत अर्जी खारिज कर दी।

भूखंड पर कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच चले जमकर लाठी डंडे

एजेंसी

नोएडा। दादरी कोतवाली क्षेत्र के कोट गांव में एक भूखंड पर कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कोट गांव के रहने वाले संदीप ने बताया कि गांव में उनका एक भूखंड है, जिसकी चारदीवारी हो रखी है। गुरुवार को चरण सिंह पक्ष के लोग भूखंड पर पहुंचे और दीवार को तोड़ दिया। विरोध करने पर संदीप के परिवार के साथ मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में संदीप की शिकायत पर आरोपी चरण सिंह व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के रंजीत के बेटे सतीश ने मुकदमा दर्ज करवाया है। सतीश ने पुलिस को बताया कि उनके परिवार के साथ दीवार तोड़ने का विरोध करने पर मारपीट की गई। सतीश की शिकायत पर पुलिस ने सत्येंद्र व सचिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

नरक चतुर्दशी आज

एजेंसी

नोएडा। दीपोत्सव के पांच दिवसीय पर्व पर आज नरक चतुर्दशी मनाई जाएगी, जिसे छोटी दिवाली और रूप चौदस भी कहते हैं। इस दिन अभ्यंग स्नान, यम दीपदान और मां काली की पूजा का विशेष महत्व है। चतुर्दशी तिथि सुबह 10:48 बजे से रविवार सुबह 11:28 बजे तक रहेगी। शाम को दीपदान और रात में पूजा की परंपरा है, जबकि रविवार सुबह अभ्यंग स्नान किया जाएगा। अल्फा-1 स्थित श्री शिव मंदिर के आचार्य शेर सिंह ने बताया कि मां काली की पूजा के लिए प्रदोष काल शाम 5:31 से रात 8:09 बजे तक है। निशीथ काल रात 11:39 से रविवार रात 12:31 बजे तक रहेगा। इस दौरान मां काली की पूजा की जा सकती है और घर के मुख्य द्वार पर यमराज के नाम से दीप जलाने की भी परंपरा है।

दीवाली पर खील बताशे की परंपरा कायम

एजेंसी

नोएडा। दिवाली पर आधुनिक मिठाइयों और सूखे मेवों के बढ़ते चलन के बावजूद पूजन में खील-बताशों की परंपरा कायम है।

पीआईआईटी में ग्रेंड जेस्टा का रंगारंग आयोजन, छात्र-छात्राओं ने बांधा समां





ग्रेटर नोएडा। नॉलेज पार्क-3 स्थित दिल्ली एनसीआर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान प्रिंस इंस्टीट्यूट ऑफ इनोवेटिव टेक्नोलॉजी (पीआईआईटी) में वार्षिक उत्सव ग्रेंड जेस्टा- 2026 का रंगारंग आयोजन किया गया। फ्रेशर पार्टी में छात्र-छात्राओं ने समां बांध दिया। प्रतिभा, व्यक्तित्व और प्रस्तुति के आधार पर विभिन्न खिताब प्रदान किए गए। मनोरंजक गतिविधियों और प्रतियोगिताओं के बाद डी.एड की नेहा यादव मिस पीआईआईटी और बी.एडा के मनीष कुमार मिस्टर पीआईआईटी चुने गए। ग्रैंड जेस्टा में छात्र-छात्राओं ने कला और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए जमकर धूम मचाई। गीत, संगीत, नाटक, संवाद, नृत्य, रैंप वाक, मनोरंजक प्रतियोगिता एवं कई अन्य सांस्कृतिक विधाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रंग-बिरंगे पारंपरिक व आधुनिक परिधानों में आए छात्र-छात्राओं के उच्च ऊर्जा स्तर व अद्भुत टैलेंट शो ने पूरे पीआईआईटी प्रांगण को जीवंत और यादगार बना दिया। सांस्कृतिक समारोह के मुख्य अतिथि कुमाऊँ और गढ़वाल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) बीएस राजपूत रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के चेयरमैन प्रोफेसर (डॉ.) भारत सिंह ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार डॉ. जितेन्द्र बच्चन और डिबाई बुलंदशहर की पूर्व विधायक डॉ. अनिता लोधी राजपूत की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ, शॉल और प्रतीक चिन्ह देकर उन्हें संस्थान के चेयरमैन डॉ भरत सिंह, श्रीमती मिथिलेश मैम, श्रीमती जागेश सिंह और निदेशक आरके शाक्य ने सम्मानित किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजपूत विद्यार्थियों की रचनात्मकता, टीम भावना व कला कौशल को देखकर बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने ह्यराष्ट्र प्रथम के मंत्र पर बल देते हुए छात्र-छात्राओं से कहा कि अगर आपके विचारों में राष्ट्र पहले आता है, तो नेतृत्व मजबूत होता है और हर निर्णय सार्थक हो जाता है। डॉ. भारत सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने और सफलता के लिए निरंतर मेहनत व अनुशासन बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पोलिटेक्निक की खुशी को मिस फ्रेशर और बी.फार्मा प्रथम वर्ष के सूर्यकांत को मिस्टर फ्रेशर के खिताब से नवाजा गया। जबकि पोलिटेक्निक के छात्र अवनीश वर्मा को मिस्टर ईव और बीबीए दद्वितीय वर्ष की छात्रा ऋतिका मिश्रा को मिस ईव चुना गया। सभी विजेताओं के नामों की घोषणा प्रतियोगिता की मुख्य जज लक्ष्मी प्रिया ने की। मेधावी छात्र-छात्राओं को पीआईआईटी के चेयरमैन डॉ. भरत सिंह, श्रीमती मिथिलेश सिंह, श्रीमती जागेश सिंह, निदेशक आर.के. शाक्य और सहायक निदेशक डॉ. जितेन्द्र बच्चन ने पुरस्कृत किया। साथ ही इन सभी ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इससे पहले सांस्कृतिक उत्सव में दिल्ली से आए अंतरराष्ट्रीय गायक प्रतीक गौतम, मुंबई से पहुंचे मनोज और गाजियाबाद से पधारे अनिल ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति से जहां समां बांध दिया, वहीं एयर गुरुकुल की प्रमुख लक्ष्मी प्रिया ने अपनी पारंपरिक कविता से दर्शकों व श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में पत्रकारों, कलाकारों एवं आयोजन को बेहतर बनाने वाले फैकल्टी व अन्य स्टाफ को भी सम्मानित किया गया। मंच का संचालन प्रोफेसर बबलू रावत ने किया और निदेशक आर.के. शाक्य ने अतिथियों के प्रति आभार जताते हुए समारोह का समापन किया।

नोएडा के सेक्टर-62 की हवा गुणवत्ता खतरनाक

एजेंसी

नोएडा। दीवाली के नजदीक आते ही शहर के विभिन्न इलाकों की आबोहवा में जगह घुलना शुरू हो गया है। शुक्रवार को नोएडा के सेक्टर-62 की हवा 417 यानी खतरनाक श्रेणी में दर्ज की गई। वहीं, ग्रेनो में नॉलेज पार्क-5 का इलाका 389 एक्यूआई के साथ सबसे अधिक प्रदूषित रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की वेबसाइट के मुताबिक शाम चार बजे तक नोएडा का ऑवरऑल एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 303 व ग्रेनो का 316 दर्ज किया गया जो विगत दिवस के मुकाबले 20 से 78 अंक अधिक रहा। इसके साथ ही शहर के अलग अलग इलाकों में भी प्रदूषण की स्थिति खराब रही। नोएडा में सबसे अधिक जहरीली सेक्टर 62 और ग्रेनो में केपी-5 की हवा रही। यहां पर प्रदूषित तत्व पीएम-2.5 व पीएम-10 का स्तर 500 से अधिक रहा। विशेषज्ञों के मुताबिक यहां प्रदूषण का मुख्य कारक यातायात रहा। बताया गया कि सेक्टर-62 मेरठ व दिल्ली एक्सप्रेसवे से सटा हुआ है। इस एक्सप्रेसवे से प्रतिदिन 50 हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं, अब दीवाली के चलते वाहनों की संख्या प्रतिदिन एक लाख से अधिक हो गई है। ऐसे में सड़क पर उड़ने वाली धूल व वाहनों से निकलने वाले धुए ने वातावरण को प्रदूषित कर दिया है। इसी तरह से नॉलेज पार्क-5 में भी प्रदूषण का मुख्य कारण यहीं माना गया है। वहीं, दीवाली के बाद क्षेत्र में हवा गुणवत्ता और खतरनाक होगी, जिससे आम लोगों का सांस लेना तक दूभर हो जाएगा। ग्रीन पटाखों के नियमों के बावजूद शहर में जगह जगह प्रदूषण करने वाले पटाखों की बिक्री हो रही है। ऐसे में चिकित्सकों ने बुजुर्गों व बच्चों समेत सांस की बीमारी से जूझ रहे लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। कोई भी इलाका सांस लेने लायक नहीं इन दिनों आसमान में हर वक्त सफेद चादर चढ़ी रहती है। यह स्मॉग है। शहर के किसी भी इलाके की हवा अब साफ नहीं रही है। इसका कारण पंजाब व हरियाणा में पराली जलने की घटना समेत दिल्ली एनसीआर का यातायात बताया जाता है। इस समय नोएडा में करीब सात स्थानों पर प्रदूषण निगरानी बोर्ड लगे हैं। सभी इलाकों में प्रदूषण का औसत स्तर 297 है। वहीं, ग्रेनो के पांच इलाकों का औसत स्तर 314 है। ऐसे में सभी इलाकों में हवा गुणवत्ता बेहद खराब बनी हुई है।

छापेमारी में 6425 किलो मिलावटी खाद्य सामग्री सीज की -खाद्य सुरक्षा विभाग ने 9 अक्तूबर से अबतक 5 नवंबर तक 129 नमूने जांच के लिए भेजे गए

एजेंसी



नोएडा। बाजार में चंद मुनाफे के लिए लोगों की सेहत से खिलवाड़ हो रहा है। इनकी बानगी खाद्य सुरक्षा विभाग के आंकड़े बता रहे हैं। नवरात्र से पांच नवंबर तक चले अभियान के तहत विभागीय टीम ने 6425 मिलावटी खाद्य पदार्थ सीज किए हैं, जबकि 1025 किलो मिठाइयां नष्ट कराई है। इसी के साथ 129 नमूने जांच के लिए भेजे और 35 खाद्य प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी करते हुए 4 प्रतिष्ठान का खाद्य लाइसेंस निलंबित किया है। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि शारदीय नवरात्रि एवं दीपावली पर्व के दृष्टिगत मिलावटखोरी पर नकेल कसने एवं सुरक्षित व शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए 9 अक्तूबर से 5 नवंबर तक जिले में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान खाद्य प्रतिष्ठान, खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण और विक्रय स्थल तथा खाद्य पदार्थों के परिवहन पर विशेष निगरानी करते हुए कार्रवाई की गई। विभागीय टीम ने इस अवधि में कुल 129 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए संग्रहित कर प्रयोगशाला भेजे हैं। साथ ही मिठाइयों में मच्छर मक्खी होने और आसपास गंदगी मिलने 35 निर्माणशालाओं को सुधार नोटिस जारी किए गए, जबकि चार प्रतिष्ठान के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। यह अभियान अभी भी जारी है जो कि दीवाली के बाद तक चलेगा। खास बात यह है कि कार्रवाई की जद में सिर्फ निर्माणशालाएं ही नहीं आई, बल्कि ऑनलाइन प्लेटफार्म जेप्टो, ब्लिंकिट के स्टोर भी रहे। यहां पर भी लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ होता पाया गया था। 72 लाख की खाद्य सामग्री सीज जांच में प्रथम दृष्टया मिलावटी होने तथा मिथ्याछाप एवं खाद्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के दृष्टिगत लगभग 70 लाख 83 हजार 900 रुपये की कुल 6425 किलोग्राम खाद्य सामग्री सीज की गई। इसके साथ ही मिलावट की आशंका, अस्वच्छ एवं अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में निर्माण, भंडारण, बिक्री एवं परिवहन किए जाने के कारण मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाई गई लगभग 2 लाख 96 हजार 500 रुपये की कुल 1025 किलोग्राम मिठाइयां व अन्य खाद्य सामग्री को नष्ट भी कराया गया हैं। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता के लिए निगरानी एवं प्रवर्तन की कार्रवाई की जा रही है। खाद्य कारोबारियों को कहा गया है कि वे खाद्य सामग्री की खरीद सिर्फ लाइसेंसधारी व पंजीकृत आपूर्तिकताओं से ही करें, खरीद के बिल सुरक्षित रखें तथा खाद्य सामग्री की निर्माण तिथि, बैच नंबर एवं अन्य आवश्यक विवरणों की जांच करने के उपरांत ही उसका भंडारण एवं विक्रय करें।

एलआईसी पॉलिसी पर फर्जीवाड़ा कर 7.62 लाख का लोन लिया

एजेंसी

नोएडा। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की पॉलिसी के नाम पर दस्तावेजों में हेराफेरी कर 7.62 लाख रुपये का लोन लेने का मामला सामने आया है। आरोप है कि जालसाज ने पॉलिसी धारक की पहचान का इस्तेमाल कर डुप्लीकेट बॉन्ड हासिल किया और उसके आधार पर लोन की रकम अपने बैंक खाते में मंगा ली। धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ, जब असली पॉलिसी धारक ने मैच्योरिटी की रकम के लिए आवेदन किया। कोर्ट के आदेश पर फेज वन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।एलआईसी के प्रशासनिक अधिकारी अनिल चौहान ने अदालत में दी शिकायत में बताया कि 26 सितंबर 2025 को दिल्ली स्थित शाखा से एक ई-मेल प्राप्त हुआ था। इसमें पॉलिसी धारक गुरप्रीत सिंह लाम्बा ने मैच्योरिटी की रकम जारी करने का अनुरोध किया था। आवेदन के साथ वर्ष 2009 में जारी मूल पॉलिसी बॉन्ड भी संलग्न था। दस्तावेजों की जांच के दौरान पता चला कि इसी पॉलिसी का डुप्लीकेट बॉन्ड 25 मार्च 2022 को जारी कराया गया था। इसी दिन पॉलिसी पर 7 लाख 62 हजार 300 रुपये के लोन का आवेदन भी किया गया था। एलआईसी की ओर से दस्तावेजों के आधार पर लोन की पूरी रकम यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के एक खाते में भेज दी गई थी। मैच्योरिटी भुगतान की प्रक्रिया के दौरान जब पॉलिसी पर पहले से लोन होने की बात सामने आई तो गुरप्रीत सिंह लाम्बा ने इससे साफ इनकार कर दिया। उनका कहना था कि उन्होंने न तो लोन के लिए आवेदन किया था और न ही किसी को इसके लिए दस्तावेज दिए थे। इसके बाद एलआईसी अधिकारियों ने लोन की रकम जिस बैंक खाते में भेजी गई थी, उससे संबंधित दस्तावेजों की जांच कराई। इसमें खाताधारक की फोटो, पता और हस्ताक्षर पॉलिसी धारक के मूल रिकॉर्ड से अलग मिले। इससे किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा फर्जी पहचान और दस्तावेजों के जरिए लोन लेने का संदेह गहरा गया। एलआईसी अधिकारी ने बैंक से भी खाते से जुड़ी जानकारी मांगी, लेकिन कोई विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने अदालत का रुख किया। अब पुलिस बैंक खाते और डुप्लीकेट बॉन्ड जारी कराने की प्रक्रिया की जांच कर रही है। पुलिस जल्द ही आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रही है।

जिले में 19 स्थानों पर तैनात रहेंगी दमकल की गाड़ियां

एजेंसी

नोएडा। दीपावली के दौरान बाजारों, आवासीय क्षेत्रों और आतिशबाजी स्थलों पर आग लगने की आशंका को देखते हुए अग्निशमन विभाग ने तैयारी की है। जिले में 19 प्रमुख स्थानों पर दमकल की गाड़ियां तैनात की गई हैं। इनकी मदद से आग लगने की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर बचाव और राहत कार्य शुरू किया जा सकेगा। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि शहर में पुलिस चौकी भंगेल, पुलिस चौकी 12-22, सेक्टर-18 और सेक्टर-49 में फायर टेंडर तैनात किए गए हैं। वहीं ग्रेटर नोएडा में जगत फार्म और दादरी में भी दमकल की गाड़ियों को तैयार रखा गया है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गौड़ सिटी पुलिस चौकी के पास भी फायर टेंडर की तैनाती की गई है। इसके अलावा बहलोलपुर, रबूपुरा, दनकौर और जेवर में भी दमकल की गाड़ियां मौजूद रहेंगी। इन सभी स्थानों को इस तरह चुना गया है, ताकि आसपास के इलाकों में आग लगने की स्थिति में जल्द मदद पहुंचाई जा सके। भीड़भाड़ वाले बाजारों और व्यावसायिक क्षेत्रों में आग की घटनाओं पर तत्काल काबू पाने के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए गए हैं। अट्टा मार्केट और सेक्टर-62 स्थित एक मॉल में फायर बाइक तैनात रहेगी। नवादा और सेक्टर-66 में दो-दो अग्निशमन कर्मियों को अग्निशमन यंत्रों के साथ लगाया गया है। सफाबाद मार्केट में भी फायर बाइक मौजूद रहेगी। इसी तरह ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क और एच्छर मार्केट में दो-दो दमकलकर्मी अग्निशमन उपकरणों के साथ मुस्तैद रहेंगे। हल्दौनी मोड़ पर भी दो अग्निशमन कर्मियों की तैनाती की गई है। फायर बाइक की मदद से संकरी गलियों और भीड़भाड़ वाले बाजारों में आसानी से पहुंचा जा सकेगा। कई बार बाजारों में वाहनों की अधिक आवाजाही और जाम के कारण बड़ी दमकल गाड़ियों को घटनास्थल तक पहुंचने में परेशानी होती है। ऐसे में फायर बाइक और अग्निशमन उपकरणों से लैस कर्मचारी शुरूआती स्तर पर ही आग पर काबू पाने का प्रयास करेंगे। आतिशबाजी स्थलों पर भी विशेष निगरानी जिले में निर्धारित सभी आतिशबाजी बिक्री स्थलों पर भी एक-एक फायर टेंडर यूनिट तैनात की गई है। इसका उद्देश्य पटाखों की बिक्री के दौरान किसी तरह की आग लगने की घटना को रोकना और आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई करना है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि विभाग की सभी टीमें अलर्ट हैं। सुरक्षा के लिहाज से जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। उधर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने भी अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। बाजारों, प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिसकर्मियों की सक्रियता बढ़ाई जाएगी। रात के समय गश्त तेज करने के साथ ही वरिष्ठ अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी करेंगे। पुलिस और अग्निशमन विभाग का प्रयास है कि दीपावली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो और किसी भी आपात स्थिति में लोगों को तत्काल मदद मिल सके।

तिघरा में चौपाल कार्यक्रम में कांग्रेस ने वोट बचाओ देश बचाओ अभियान को दी धार


एजेंसी

गुरुग्राम। वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस की ओर से शुक्रवार को चौपाल अभियान कार्यक्रम गांव तिघरा में किया गया। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर व पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया ने ग्रामीणों को भाजपा की निम्न स्तर की राजनीति और देश में वोट प्रक्रिया पर सवाल खड़े करते हुए चुनाव आयोग को भी कटघरे में खड़ा किया। साथ ही भाजपा सरकार द्वारा लोकतंत्र को खतरा बताकर खुद ही सडक पर उतरने की निंदा की और उसे नाटक करार दिया। तिघरा के मौजिज व्यक्ति एवं समाजसेवी अंतराम तंवर की अध्यक्षता में बैठक (चौपाल) यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।




इस चौपाल कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। नेताओं ने ग्रामीणों के बीच बैठकर उनसे सीधा संवाद किया और वोटर लिस्ट में गड़बड़ी, वोट चोरी और लोकतंत्र को कमजोर करने के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर ने चौपाल में कहा कि आज देश में वोट की ताकत को कमजोर करने की सबसे बड़ी साजिश चल रही है। वोट ही आम आदमी की सबसे बड़ी ताकत है। जब उसी वोट पर डाका डाला जाएगा तो लोकतंत्र कैसे बचेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 11 साल में देश को सिर्फ जुमलों, झूठ और प्रचार के सहारे चलाया है। नौकरी नहीं, महंगाई पर लगाम नहीं, किसानों को एमएसपी नहीं, युवाओं को रोजगार नहीं, लेकिन वोट चोरी के नए-नए तरीके जरूर खोज लिए गए हैं। डावर ने कहा कि हरियाणा में भी हमने देखा कि कैसे वोटर लिस्ट से नाम काटे गए, कैसे फर्जी वोटर जोड़े गए और कैसे चुनाव के समय प्रशासन का दुरुपयोग किया गया। गांव-गांव में लोग बता रहे हैं कि उनके परिवार के मृतकों के नाम पर भी वोट डल गए, लेकिन जिंदा लोगों के नाम लिस्ट से गायब हो गए। यह कोई संयोग नहीं है, यह सोची-समझी साजिश है। वोटर लिस्ट से विपक्ष के नेताओं के नाम भी काटे गए हैं। पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया ने चौपाल में कहा कि देश में आज एक अजीब तमाशा चल रहा है। जिस पार्टी की सरकार हो और वह लोकतंत्र बचाने के लिए सडकों पर उतरने का नाटक करे तो यह समझ जाना चाहिए कि उसी पार्टी की सरकार ने लोकतंत्र को ना केवल कमजोर किया है, बल्कि खतरे में डाला है।


|| दीपावली के पावन पर्व एवं भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं ||
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
माँ लक्ष्मी की कृपा आप और आपके परिवार पर सदैव बनी रहे, यही मंगलकामना है।
भैया दुज
की हार्दिक शुभकामनाएं
यह पर्व आपके और आपके भाई-बहन के रिश्ते में प्रेम, स्नेह और खुशियों की नई रोशनी लेकर आए।
शुभ दीपावली एवं शुभ भैया दूज
अनुज कुमार सैनी
लेखपाल, गजरौला अमरोहा


आप सभी क्षेत्रवासियों, मित्रों एवं परिजनों को
दीपावली
एवं
भैया दूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
माँ लक्ष्मी जी की कृपा एवं भैया दूज के पावन पर्व पर आपके जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशियों की सदा बनी रहे।
Dr Aliwaris
Sanjeeni Hospital,
Mohalla.Tigaria bhood
Gajraula Amroha
सभी के जीवन में प्रकाश, प्रेम और खुशियों का दीप जलता रहे!


आप सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
मां लक्ष्मी की कृपा आप सभी पर बनी रहे, आपके जीवन में सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशियों का प्रकाश सदैव बना रहे।
गौरव कुमार
(सचिव)
ब्लॉक गजरौला, अमरोहा


सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
माता लक्ष्मी की कृपा आप सभी पर सदैव बनी रहे, आपके जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और खुशियों का प्रकाश सदा बना रहे।
रशीद चौधरी
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत मोहरकापट्टी, विकासखंड गजरौला जनपद अमरोहा


समस्त क्षेत्र वासियों का देशवासियों को
दीपावली
और
भैया दूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज मिश्रा
सहायक संभागीय परिवहन प्रवर्तन अधिकारी


समस्त क्षेत्र व देशवासियों को
दीपों के महापर्व
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
डायरेक्टर
प्रवेंद्र सिंह पंघाल
सिंह साहब होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, गुलरिया अमरोहा।


समस्त क्षेत्र वासियों का देशवासियों को
दीपावली
और
भैया दूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
वरुण अग्रवाल
सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक


समस्त क्षेत्र वासियों का देशवासियों को
दीपावली
और
भैया दूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
विशाल गोयल
(जिला अध्यक्ष)
आदर्श रामलीला कमेटी अमरोहा


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
मां लक्ष्मी की कृपा से आपके जीवन में सुख, समृद्धि, खुशहाली और नई ऊर्जा का प्रकाश सदैव बना रहे।
गुरेंद्र सिंह ढिल्लों
ब्लॉक प्रमुख अमरोहा


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
माँ लक्ष्मी की कृपा से आपके जीवन में सुख, समृद्धि, खुशहाली और नई ऊर्जा का प्रकाश सदैव बना रहे।
ममता गुर्जर (भाजपा)
ब्लॉक प्रमुख हसनपुर


सुखी दीपावली, समृद्ध मोहन ज्वेलर्स परिवार
KAKUL DIAMOND & JEWELS
IGI
Shubh Diwali
Festive Offer
15% FLASH DISCOUNT CERTIFIED DIAMOND JEWELLERY
SPECIAL DISCOUNT ON BIS HALLMARK GOLD JEWELLERY
Offer Valid From: 17/10/2025 To 25/10/25
Gold Coins Available
All Silver items Available
Coins Bar Moorti Utensils Gift items etc 925 Hallmark Silver items Jewellery available
Mohan Jewellers
Deals In : Diamond | Gold | Silver | Antique | Gemstone
Kunwar Vineet Agarwal 9837374515
Sarrafa Bazar Amroha
Kunwar Vansh Agarwal 8630509515
Email : vansh12345ag@gmail.com
7017349515, 8171849366
Available Brands
Call or WhatsApp for Catalog & Pre-Booking
7017349515, 8171849366


समस्त शहर वासियों को
दीपावली व भैयादूज
की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
संकल्प ज्वेलर्स
स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार सर्राफ
इस पावन पर्व पर आपके जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशियों का प्रकाश सदैव बना रहे!
शारदुल अग्रवाल
Prop. Surendra Kumar Shardul Agrawal
Sarrafa and Bankers
सराफा बाज़ार कटरा, अमरोहा M. 9917477956
की ओर से स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार सर्राफ & शारदुल अग्रवाल


सभी क्षेत्र वासियों को
दीपावली व भैयादूज
की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
दीपावली
इस पावन पर्व पर आपके जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशियों का प्रकाश सदैव बना रहे!
आप सभी की दीपावली की शुभकामनाएं
संजय रस्तोगी
सुनील रस्तोगी
प्रियंका ज्वेलर्स सराफा बाजार अमरोहा
की ओर से प्रमोद कुमार सिंह


आप सभी क्षेत्रवासियों, देशवासियों एवं समस्त प्रजापति समाज को
दीपावली
और
भैया दूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मेंद्र सिंह प्रजापति
पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा
राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के राष्ट्रीय सचिव
निवासी कमलपुर तहसील चांदपुर जनपद बिजनौर
निवेदक
समस्त प्रजापति समाज


क्षेत्रवासियों, देशवासियों, मित्रो, शुभचिंतकों एव भाजपा शीर्ष नेतृत्व को
दीपावली
गोवर्धनपूजा एवं
भाई दूज
की हार्दिक शुभकामनाएं।
रोशनलाल पाल
भाजपा नेता
पूर्व लेबर कमिश्नर उत्तर प्रदेश सरकार।
निवास मोहल्ला बिश्नोई सराय नगीना बिजनौर।


समाजवादी पार्टी
अगर वोटर लिस्ट में नाम रहेगा तभी
लोकतंत्र बचेगा।
श्री अखिलेश यादव जी
सपा अध्यक्ष एवं सांसद
आप सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली
और
भैया दूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
माता लक्ष्मी की कृपा से आपके जीवन में सुख, समृद्धि और खुशियों का प्रकाश बना रहे।
समाजवादी पार्टी जिन्दाबाद
सपा समर्थक


समस्त क्षेत्र वासियों को
दीपावली
एवं
भैया दूज
की हार्दिक
शुभकामनाएं
सतीश कुमार प्रजापति
राम अवतार प्रताप प्रजापति


आप सभी क्षेत्रवासियों, देशवासियों एवं समस्त प्रजापति समाज को
दीपावली
एवं
भैया दूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉक्टर सुशील कुमार
(राष्ट्रीय प्रजापति महासभा कोषाध्यक्ष)
निवासी:- कस्बा चांदपुर बिजनौर
मां लक्ष्मी की कृपा से आपके जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और खुशियों का प्रकाश सदैव बना रहे।


आप सभी नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को प्रकाश, प्रेम और खुशियों के महापर्व
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
माता लक्ष्मी की कृपा आप एवं आपके परिवार पर सदैव बनी रहे, यही मंगलकामना है!
वीरेन्द्र मौर्य
की ओर से


सभी क्षेत्र वासियों को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
इस पावन पर्व पर आपके जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशियों का प्रकाश सदैव बना रहे!
आप सभी की
शुभ दीपावली
की शुभकामनाएं
प्रमोद कुमार सिंह
की ओर से



दीपावली पर सुबह से लेकर रात तक की जरूरी बातें

ब्रह्म पुराण के अनुसार दिवाली पर अर्धरात्रि के समय महालक्ष्मीजी सद्ग्रहस्थों के घरों में विचरण करती हैं। इस दिन घर-बाहर को साफ-सुथरा कर सजाया-संवारा जाता है। दीपावली मनाने से श्री लक्ष्मीजी प्रसन्न होकर स्थायी रूप से सद्गृहस्थ के घर निवास करती हैं। दीपावली धनतेरस, नरक चतुर्दशी तथा महालक्ष्मी पूजन, गोवर्धन पूजा और भाईदूज-इन 5 पर्वों का मिलन है। मंगल पर्व दीपावली के दिन सुबह से लेकर रात तक क्या करें कि महालक्ष्मी का घर में स्थायी निवास हो जाए.आइए जानें विस्तार से. दीपावली के पूजन की संपूर्ण विधियां दी गई हैं। फिर भी संक्षेप में 25 बिंदुओं से जानें कि क्या करें इस दिन -

- प्रातः स्नानादि से निवृत्त हो स्वच्छ वस्त्र धारण करें।
- अब निम्न संकल्प से दिनभर उपवास रहें- मम सर्वापच्छांतिपूर्वकदीर्घायुष्यबलपुष्टिनैरुज्यादि - सकलशुभफल प्राप्त्यर्थं

गजतुरगरथराज्यैश्वर्यादिसकलसम्पदामुत्तरोत्त राभिवृद्ध्यर्थं इंद्रकुबेरसहितश्रीलक्ष्मीपूजनं करिष्ये।

- दिन में पकवान बनाएं या घर सजाएं। बड़ों का आशीर्वाद लें।
- सायंकाल पुनः स्नान करें।
- लक्ष्मीजी के स्वागत की तैयारी में घर की सफाई करके दीवार को चूने अथवा गेरू से पोतकर लक्ष्मीजी का चित्र बनाएं। (लक्ष्मीजी का चित्र भी लगाया जा सकता है।)
- भोजन में स्वादिष्ट व्यंजन, कदली फल, पापड़ तथा अनेक प्रकार की मिठाइयां बनाएं।
- लक्ष्मीजी के चित्र के सामने एक चौकी रखकर उस पर मौली बांधें।
- इस पर गणेशजी की मिट्टी की मूर्ति स्थापित करें।
- फिर गणेशजी को तिलक कर पूजा करें।
- अब चौकी पर छः चौमुखे व 26 छोटे दीपक रखें।
- इनमें तेल-बत्ती डालकर जलाएं।
- फिर जल, मौली, चावल, फल, गुड़, अबीर, गुलाल, धूप आदि से विधिवत पूजन करें।
- पूजा के बाद एक-एक दीपक घर के कोनों में जलाकर रखें।
- एक छोटा तथा एक चौमुखा दीपक रखकर निम्न मंत्र से लक्ष्मीजी का पूजन करें- नमस्ते सर्वदेवानां वरदासि हरेः प्रिया। या गतिस्त्वत्प्रपन्नानां सा मे भूयात्वदर्चनात? साथ ही निम्न मंत्र से इंद्र का ध्यान करें- ऐरावतसमारूढो वज्रहस्तो महाबलः। शतयज्ञाधिपो देवस्तमा इंद्राय ते नमः? पश्चात निम्न मंत्र से कुबेर का ध्यान करें- धनदाय नमस्तुभ्यं निधिपद्माधिपाय च। भवंतु त्वत्प्रसादान्मे धनधान्यादिसम्पदः?
- इस पूजन के पश्चात तिजोरी में गणेशजी तथा लक्ष्मीजी की मूर्ति रखकर विधिवत पूजा करें।
- तत्पश्चात इच्छानुसार घर की बहू-बेटियों को रुपए दें।
- लक्ष्मी पूजन रात के बारह बजे करने का विशेष महत्व है।
- इसके लिए एक पाट पर लाल कपड़ा बिछाकर उस पर एक जोड़ी लक्ष्मी तथा गणेशजी की मूर्ति रखें।
- समीप ही एक सौ रुपए, सवा सेर चावल, गुड़, चार केले, मूली, हरी ग्वार की फली तथा पांच लड्डू रखकर लक्ष्मी-गणेश का पूजन करें।
- उन्हें लड्डुओं से भोग लगाएं।
- दीपकों का काजल सभी स्त्री-पुरुष आंखों में लगाएं।
- फिर रात्रि जागरण कर गोपाल सहस्रनाम पाठ करें।
- व्यावसायिक प्रतिष्ठान, गद्दी की भी विधिपूर्वक पूजा करें।
- रात को बारह बजे दीपावली पूजन के उपरान्त चूने या गेरू में रुई भिगोकर चक्की, चूल्हा, सिल तथा छाज (सूप) पर तिलक करें।
- दूसरे दिन प्रातःकाल चार बजे उठकर पुराने छाज में कूड़ा रखकर उसे दूर फेंकने के लिए ले जाते समय कहें - लक्ष्मी-लक्ष्मी आओ, दरिद्र-दरिद्र जाओ।

दीपावली की रात इन जगहों पर जरूर रखें दीप जलाकर

दीपावली पर अकसर द्वार, तुलसी या पूजा स्थान पर दीपक जलाकर रखे जाते हैं। हालांकि कुछ ऐसी भी जगहें हैं जहां पर कुछ लोग ही दीये जलाकर रखते होंगे। आओ जानते हैं कि दीवाली की रा?त को कितनी जगहों पर दीपक जलाकर रखना चाहिए। जानिए इससे मिलने वाला लाभ के बारे में भी।

1. दिपावली के दिन लक्ष?मी की पूजा करने के लिए एक दीपक जलाया जाता है। वह दीपक पीतल या स्टील का होता है। यह सात मुखी दीपक होता है जिससे माता लक्ष्मी प्रसन्न होती है।
2. कहते हैं कि दीपावली की रात को देवालय में गाय के दूध का शुद्ध घी का दीपक जलाना चाहिए। इससे तुरंत ही कर्ज से छुटकारा मिलता है और आर्थिक तंगी दूर हो जाती है।
3. दीपावली की रात को तीसरा दीया तुलसी के पास जलाया जाता है। आपके घर में तुलसी नहीं है तो और किसी पौधे के पास यह दीया रख सकते हैं। इसे भगवान विष्णु और माता तुली प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं।
4. चौथा दीपक दरवाजे के बाहर दहलीज़ के दाएं और बाएं रखा जाता है और बनाई गई रांगोली के बीच में भी रखते हैं। इसे धन की मनोकामना पूर्ण होती है।
5. पांचवां दीया पीपल के पेड़ के नीचे रखकर आते हैं। इससे यम और शनि के दोष नहीं लगते हैं। साथ ही इससे धन की समस्या भी दूर होती है।
6. छठा दीपक पास के किसी मंदिर में रखना जरूरी होता है। इससे सभी देवी और देवता प्रसन्न होते हैं।
7. सातवां दीपक कचरा रखने वाले स्थान पर रखते हैं। इससे घर की नाकारात्मकता बाहर निकल जाती है।
8. आठवां बाथरूम के कोने में रखते हैं। इससे राहु और चंद्र के दोष समाप्त हो जाते हैं।
9. नौवां दीपक मुंडेर पर या आपके घर में गैलरी हो तो वहां रखते हैं।
10. दसवां घर की दिवारों पर की मुंडेर पर या बॉउंड्रीवाल पर रखते हैं।





अज्ञान पर ज्ञान की विजय का उत्सव दीपावली

दिवाली, जिसे संपूर्ण विश्व में प्रकाश के त्यौहार के रूप में जाना जाता है, बुराई पर अच्छाई की, अंधकार पर प्रकाश की तथा अज्ञान पर ज्ञान की विजय का त्यौहार है। आज के दिन घरों में रोशनी न केवल सजावट के लिए होती है,किंतु यह जीवन कथा सत्य को भी अभिव्यक्त करती है। प्रकाश अंधकार को मिटा देता है, और जब ज्ञान के प्रकाश से आपके अंदर का अंधकार मिट जाता है, आप में अच्छाई बुराई पर विजय प्राप्त कर लेती हैं।

दिवाली मुख्यतः प्रत्येक हृदय में ज्ञान के प्रकाश को प्रज्वलित करने के लिए मनाई जाती है, प्रत्येक घर में जीवन, प्रत्येक मुख पर मुस्कान लाने के लिए मनाई जाती है।

दिवाली शब्द दीपावली का लघु रूप है, जिस का शाब्दिक अर्थ है प्रकाश की पंक्ति। जीवन के बहुत से पहलुओं तथा स्तर होते हैं। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप उन सभी पर प्रकाश डालें क्योंकि यदि आपके जीवन का एक भी पहलू अंधकार मय होगा तो, आपका जीवन कभी भी पूर्णता अभिव्यक्त नहीं हो सकेगा। इसलिए दिवाली में दीपों की पंक्तियां प्रज्वलित की जाती है कि आपको ध्यान रहे कि आपके जीवन के प्रत्येक पहलू को आपके ध्यान की तथा ज्ञान के प्रकाश की आवश्यकता है।

आपके द्वारा प्रज्वलित प्रत्येक दीप, सदगुण का प्रतीक है।प्रत्येक मनुष्य में सद्गुण होते हैं। कुछ में धैर्य होता है, कुछ में प्रेम, शक्ति, उदारताः अन्य में लोगों को संगठित करने की क्षमता होती है। आप में स्थित प्रकट मूल्य दिए के समान है।जैसे ही वह प्रज्ज्वलित हो जाएं,जागृत हो जाएं,दीवाली है।

केवल एक ही दीप का प्रज्वलित कर संतुष्ट न हो, हजार दीप प्रज्वलित करें। यदि आप में सेवा का भाव है, केवल उससे ही संतुष्ट न हो, अपने में ज्ञान का दीप जलाएं, ज्ञान अर्जित करें। अपने अस्तित्व के सभी पहलुओं को प्रकाशित करें। दिवाली का एक और गुण रहस्य पटाखों के फूटने में है। जीवन में आप कई बार पटाखों के समान होते हैं, अपनी दबी हुई भावनाओं, हताशा तथा क्रोध के साथ फूट पढ़ने के लिए तैयार। जब आप अपने राग-द्वेष, घृणा को दबाये रखते हैं फूट पढ़ने की सीमा पर पहुंच जाता है। पटाखे फोड़ने की क्रिया का प्रयोग हमारे पूर्वजों द्वारा, लोगों की भावनाओं की अभिव्यक्ति देने के लिए, एक मनोवैज्ञानिक अभ्यास के रूप में किया गया। जब आप बाहर विस्फोट देखते हैं तो आप अपने अंदर भी वैसी सम्वेदनाओं का अनुभव करते हैं। विस्फोट के साथ बहुत सा प्रकाश निकलता है। जब आप अपनी दबी हुई भावनाओं से मुक्त होते हैं तब आप खाली हो जाते हैं तथा अपने ज्ञान के प्रकाश का उदय होता है। ज्ञान की सभी जगह आवश्यकता है। यदि परिवार का एक भी व्यक्ति अंधकार में है,आप खुश नहीं रह सकते। अतः आप को अपने परिवार के प्रत्येक सदस्य में ज्ञान का प्रकाश स्थापित करना होगा। इससे समाज के प्रत्येक सदस्य तक ले जाएं, पृथ्वी के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाएं। जब सच्चा ज्ञान उदित होता है, उत्सव होता है। अधिकतर उत्सव में हम अपनी सजगता अथवा एकाग्रता को देते हैं।उत्सव में सजगता बनाए रखने के लिए, हमारे ऋषि यों ने प्रत्येक उत्सव को पवित्रता तथा पूजा विधियों से जोड़ दिया है। इसलिए दिवाली भी पूजा का समय है। दिवाली का आध्यात्मिक पहलू, उत्सव में गांभीर्य लाता है। प्रत्येक उत्सव में आध्यात्म होना चाहिए क्योंकि आध्यात्म से हीन उत्सव असत ही होता है।

कैसे करते थे हमारे पूर्वज महालक्ष्मी का आह्वान

पद्मानने पद्मिनी पद्मपत्रे पद्मप्रिये
पद्मदलायताक्षि विश्वप्रिये विश्वमनोनुकूले
त्वत्पादपद्मं मयि सन्निधस्त्व।।
हे लक्ष्मी देवी, आप कमलमुखी, कमलपुष्प पर विराजमान,
कमल दल के समान नेत्रों वाली
कमल पुष्पों को पसंद करने वाली हैं।
सृष्टि के सभी जीव आपकी कृपा की कामना करते हैं,
आप सबको मनोनुकूल फल देने वाली हैं।
आपके चरण सदैव मेरे हृदय में स्थित हों।



विपुल ऐश्वर्य, सौभाग्य, समृद्धि और वैभव की अधिष्ठात्री देवी श्री महालक्ष्मी का पूजन, अर्चन, वंदन स्तवन का पर्व है दीपावली। दीपावली के अगणित दीपों के प्रकाश में विष्णुप्रिया महालक्ष्मी का आह्वान किया जाता है।

अनुपम सौंदर्य और आरोग्य को देने वाली श्री महालक्ष्मी का दीपोत्सव की उजली बेला में आगमन भला कौन नहीं चाहेगा? हमारी संस्कृति में इस पर्व को अति विशिष्ट स्थान प्राप्त है और इस पर्व में महालक्ष्मी का महत्व अतुलनीय है। समुद्र मंथन के पश्चात श्री लक्ष्मी अवतरण से ही इस दैदीप्यमान त्योहार की कहानी आरंभ होती है। ऋग्वेद के दूसरे अध्याय के छठे सूक्त में आनंद कर्दम ऋषि द्वारा श्री देवी को समर्पित वाक्यांश मिलता है। इन्हीं पवित्र पंक्तियों को भारतीय जनमानस ने मंत्र के रूप में स्वीकारा है।

ऊँ हिरण्य वर्णा हरिणीं सुवर्णरजस्त्राम
चंद्रा हिरण्यमयी लक्ष्मी जात वेदो म्आवह। अर्थात
हरित और हिरण्यवर्णा, हार, स्वर्ण और रजत सुशोभित चंद्र और हिरण्य आभा देवी लक्ष्मी का, हे अग्नि, अब तुम करो आह्वान

इसी मंत्र की आगे सुंदर पंक्तियां हैं
'तामं आवह जात वेदो लक्ष्मी मनपगामिनीम,
यस्या हिरण्यं विदेयं गामश्वं पुरुषानहम
अश्वपूर्वा रथमध्यां हस्तिनाद प्रमोदिनीम,
श्रियं देवी मुपव्हयें श्रीर्मा देवी जुषताम।।

इसका काव्यात्मक अर्थ किया जाए तो इस तरह होगा कि -
'करो आह्वान हमारे गृह अनल, उस देवी श्री का अब, वास हो जिसका सदा और जो दे धन प्रचुर, गो, अश्व, सेवक, सुत सभी, अश्व जिनके पूर्वतर, मध्यस्थ रथ, हस्ति रव से प्रबोधित पथ, देवी श्री का आगमन हो, यही प्रार्थना है!

दीपोत्सव का समापन दिवस है भाईदूज

शास्त्रों के अनुसार भैयादूज अथवा यम द्वितीया को मृत्यु के देवता यमराज का पूजन किया जाता है। इस दिन बहनें भाई को अपने घर आमंत्रित कर अथवा सायं उनके घर जाकर उन्हें तिलक करती हैं और भोजन कराती हैं। ब्रजमंडल में इस दिन बहनें भाई के साथ यमुना स्नान करती हैं, जिसका विशेष महत्व बताया गया है। भाई के कल्याण और वृद्धि की इच्छा से बहने इस दिन कुछ अन्य मांगलिक विधान भी करती हैं। यमुना तट पर भाई-बहन का समवेत भोजन कल्याणकारी माना जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार इस दिन भगवान यमराज अपनी बहन यमुना से मिलने जाते हैं। उन्हीं का अनुकरण करते हुए भारतीय भ्रातृ परम्परा अपनी बहनों से मिलती है और उनका यथेष्ट सम्मान पूजनादि कर उनसे आशीर्वाद रूप तिलक प्राप्त कर कृतकृत्य होती हैं। बहनों को इस दिन नित्य कृत्य से निवृत्त हो अपने भाई के दीर्घ जीवन, कल्याण एवं उत्कर्ष हेतु तथा स्वयं के सौभाग्य के लिए अक्षत (चावल) कुंकुमादि से अष्टदल कमल बनाकर इस व्रत का संकल्प कर मृत्यु के देवता यमराज की विधिपूर्वक पूजा करनी चाहिए। इसके



पश्चात यमभगिनी यमुना, चित्रगुप्त और यमदूतों की पूजा करनी चाहिए। तदंतर भाई के तिलक लगाकर भोजन कराना चाहिए। इस विधि के संपन्न होने तक दोनों को व्रती रहना चाहिए।

दीपोत्सव का समापन दिवस है कार्तिक शुक्ल द्वितीय, जिसे भैयादूज कहा जाता है। इस पर्व के संबंध में पौराणिक कथा इस प्रकार मिलती है। सूर्य की संज्ञा से दो संतानें थीं- पुत्र यमराज तथा पुत्री यमुना। संज्ञा सूर्य का तेज सहन न कर पाने के कारण अपनी छायामूर्ति का निर्माण कर उसे ही अपने पुत्र-पुत्री को सौंपकर वहां से चली गई। छाया को यम और यमुना से किसी प्रकार का लगाव न था, किंतु यम और यमुना में बहुत प्रेम था। यमुना अपने भाई यमराज के यहां प्रायः जाती और उनके सुख-दुख की बातें पूछा करती। यमुना यमराज को अपने घर पर आने के लिए कहती, किंतु व्यस्तता तथा दायित्व बोझ के कारण वे उसके घर न जा पाते थे। एक बार कार्तिक शुक्ल द्वितीय को यमराज अपनी बहन यमुना के घर अचानक जा पहुंचे। बहन यमुना ने अपने सहोदर भाई को बड़ा आदर-सत्कार किया। विविध व्यंजन बनाकर उन्हें भोजन कराया तथा भाल पर तिलक लगाया। यमराज अपनी बहन से बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने यमुना को विधिव भेंट समर्पित की। जब वे वहां से चलने लगे, तब उन्होंने यमुना से कोई भी मनोवांछित वर मांगने का अनुरोध किया। यमुना ने उनके आग्रह को देखकर कहा- भैया! यदि आप मुझे वर देना ही चाहते हैं तो यही वर दीजिए कि आज के दिन प्रतिवर्ष आप मेरे यहां आया करेंगे और मेरा आतिथ्य स्वीकार किया करेंगे। इसी प्रकार जो भाई अपनी बहन के घर जाकर उसका आतिथ्य स्वीकार करे तथा उसे भेंट दें, उसकी सब अभिलाषाएं आप पूर्ण किया करें एवं उसे आपका भय न हो। यमुना की प्रार्थना को यमराज ने स्वीकार कर लिया। तभी से बहन-भाई का यह त्योहार मनाया जाने लगा। वस्तुतः इस त्योहार का मुख्य उद्देश्य है भाई-बहन के मध्य सौमनस्य और सद्भावना का पावन प्रवाह अनवरत प्रवाहित रखना तथा एक-दूसरे के प्रति निष्कपट प्रेम को प्रोत्साहित करना है। इस प्रकार 'दीपोत्सव-पर्व' का धार्मिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय महत्व अनुपम है।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।
संपादक-अनुज कुमार, R.N.I. No.-UPHIN/2023/86483, मो0.945688 4327, E-mail-officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।


आप सभी क्षेत्रवासियों को प्रकाश पर्व
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
माँ लक्ष्मी की कृपा से आपके जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली बनी रहे। यही शुभकामना है।
परवेज अख्तर
(ग्राम प्रधान पति)
ग्राम पंचायत मोहममद अलीपुर इनायत, विकासखंड बुढ़नपुर, जनपद बिजनौर


समस्त ग्राम वासियों व क्षेत्र वासियों एवं जनपद वासियों एवं शुभचिंतकों को
ग्राम पंचायत की ओर से दीपावली एवं भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
दीपावली
और
भैया दूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम प्रधान
गीतु रानी
ग्राम प्रधान पति
निपेंद्र कुमार
निवेदक ग्राम पंचायत
मकसूदपुर
ब्लॉक बुदनपुर स्योहारा जनपद बिजनौर


समस्त क्षेत्र वासियों का
देशवासियों को
दीपावली
और
भैया दूज
की हार्दिक
शुभकामनाएं
रवि चौधरी
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत मकनपुर, ब्लॉक बुढनपुर सिहर, जनपद बिजनौर


समस्त ग्राम वासियों व क्षेत्र वासियों एवं जनपद वासियों एवं शुभचिंतकों को
ग्राम पंचायत अकबरपुर आशा उर्फ हरौली ब्लॉक बुढ़नपुर स्योहारा जनपद बिजनौर
की ओर से
दीपावली
एवं
भैया दूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
निजामुद्दीन
ग्राम प्रधान पति
जरीना खातून
ग्राम प्रधान


नगर का जाना माना
वर्मा मैटरनिटी & नर्सिंग होम की ओर से
समस्त जनपदवासियों क्षेत्रवासियों एवं शुभचिंतकों को
दीपावली
एवं
भैया दूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
डायरेक्टर
डा0 मनोज वर्मा
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, समाजसेवी, संरक्षक प्रेस क्लब
डा0 लिपि सेन वर्मा
वरिष्ठ गायानोकोलोजिस्ट एवं स्त्री रोग विशेषज्ञा,
पता : स्टेशन रोड, स्योहारा (बिजनौर)


NR GLOBAL SCHOOL
Quest For Excellence
Near Asawar Bhatta, Saidpur Road, Gulaothi (U.P.)
आप सभी को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ
मंगल सिंह चपराना
चेयरमैन
यह पावन पर्व आपके जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य, शांति एवं निरंतर प्रगति लेकर आए।


आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
भारतगैस
स्मार्ट रसोई, सुरक्षित जीवन
सुरक्षा के पाँच मंत्र :
1. चूल्हे का प्रयोग न करते समय और सोने से पहले रात को रेगुलेटर हमेशा बन्द रखें।
2. चूल्हे को जमीन पर न रखें। इसे हमेशा सिलेंडर से ऊँचा एवं ऊँचे स्थान (Platform) पर रखें।
3. सिलेंडर लेते समय लिकेज एवं वजन की जांच अवश्य करवायें।
4. दो साल में एक बार चूल्हे एवं गैस पाइप की जांच एजेंसी के मैकेनिक से अवश्य करवायें।
5. गैस की गन्ध अपने पर कृपया रेगुलेटर बन्द करें, बिजली के उपकरण ऑन/ऑफ न करें एवं अपने वितरक / आपातकालीन सेल को तुरंत सूचित करें।
यदि गैस की गन्ध आए तो गैस रेगुलेटर नॉब को 'ऑफ' की स्थिति में घुमाकर बंद करायें।
यदि गैस की गन्ध आए तो प्रेशर रेगुलेटर नॉब को 'ऑफ' की स्थिति में घुमाकर बंद करायें।
यदि गैस की गन्ध आए तो सभी दरवाजे और खिड़कियां खोल दीजिए।
स्टील बाजारों से बनी खालसेलन पाँच साल चलने वाली
यदि गैस की गन्ध आए तो टॉर्च एवं इलेक्ट्रिक स्विच ऑन / ऑफ न करें।
यदि गैस की गन्ध आए तो टॉर्च एवं इलेक्ट्रिक स्विच ऑन / ऑफ न करें।
सेफ्टी फॉर श्योर.....
लोनी एल.पी.जी. टेरिटरी


सभी क्षेत्र वासियों को
दीपावली
के पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
मां लक्ष्मी जी की कृपा से आपके जीवन में सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं प्रकाश बना रहे।
मोन्टी देशवाल
जिला अध्यक्ष
चकबंदी लेखपाल संघ सम्भल


आप सभी क्षेत्रवासियों को
प्रकाश के महापर्व
दीपावली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
माँ लक्ष्मी की कृपा आप सभी पर बनी रहे, आपके जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली आए।
डॉक्टर ताहिर
की ओर से


समस्त क्षेत्र व देशवासियों को
दीपावली
गोवर्धन पूजा
व भैया दूज
की हार्दिक
शुभकामनाएं
मंगलमय दीपावली का यह पावन पर्व आपके जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशियों की सौगात लाए!
चाणक्य त्यागी
समाज सेवी
पता:- बहजोई (संभल)


Mo. 9759092948
9720556706
आप सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
अगस्त हर्ष
ट्रेडर्स
हमारे यहाँ पर सभी प्रकार का फर्नीचर अलमारी, इंसी, मेज, फूल, खिड़क – गद्दा, हैण्ड का सामान विविथी अलमारी, रिपेयर के गददे आदि सामान उचित मूल्य पर मिलता है।
शुभ दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ
कांच फैक्ट्री बहजोई संभल
थोक एवं फुटकर विक्रेता


आप सभी क्षेत्रवासियों, परिवारजनों एवं मित्रों को
दीपावली
एवं
भैया दूज
की हार्दिक शुभकामनाएं।
माँ लक्ष्मी जी की कृपा सभी पर बनी रहे, घर-परिवार में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशियों का प्रकाश सदा बना रहे।
अजय पाल
Hotal Vasant
Near NH9, Gajraula Amroha
Mob no.- 9837071455
दीपावली और भैया दूज के इस पावन पर्व पर आपके जीवन में खुशियों की बहार आएं।


आप सभी क्षेत्रवासियों, नगरवासियों एवं देशवासियों को
दीपावली
एवं
भैया दूज
की हार्दिक शुभकामनाएं!
माँ लक्ष्मी जी की कृपा से आपके जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और खुशियों की सदैव वृद्धि हो।
प्रवीण अग्रवाल
नगर पालिका अध्यक्ष, धनौरा, अमरोहा
स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ नगर सुंदर नगर
एक क़दम स्वच्छता की ओर


बी.एस.डी. एकेडमी
New Campus
Fully A.C. Hostel Facility Available
18 वर्षों का विश्वास • अनुशासन की शक्ति • सफलता की नई दिशा
HOSTEL & TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
आपको अब दिल्ली, कोटा, राजस्थान जाने की सरुरत नहीं, अब आपके शहर में ही होगी प्रतियोगी परीक्षाओं की उत्कृष्ट तैयारी
सैनिक स्कूल
मिलिट्री स्कूल
स्पोर्ट्स स्कूल राई (लोनीपच)
गुरुकुल कुरुक्षेत्र
RIMC देहरादून
चचिंल विद्यालय
विद्याज्ञान
NEET JEE NDA
आदि की तैयारी कराई जाती है।
निर्देशक
नितिन धारीवाल
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
मंगलमय दीपावली आपके जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और सफलता लेकर आए।
आज ही संपर्क करें
सीमित सीटें चयनित प्रवेश
7404229610, 8218481886
अमरोहा रोड, मपडी धनीरा जिला अमरोहा (उ.प्र.)


आप सभी को
दीपावली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
संभावित प्रत्याशी प्रधान पद राजा का ताजपुर
मकसूद अहमद अंसारी (ठेकेदार)
M. 7417060635


हरपाल सिंह
नगर पालिका अध्यक्ष पति
ललित कुमार आर्य
नगरपालिका ईओ
राजोंद्री उर्फ उमा देवी
नगरपालिका अध्यक्ष
नगर पालिका गजरौला की ओर से समस्त नगरवासियों को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
यह दीपावली आपके जीवन में सुख, समृद्धि, खुशहाली और नई ऊर्जा लेकर आए।
निवेदकः- नगर पालिका गजरौला, जनपद अमरोहा


सोमवीर गुरुजी
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
माँ लक्ष्मी की कृपा से आपके जीवन में सुख, समृद्धि, खुशहाली और नई ऊर्जा का प्रकाश सदैव बना रहे।
श्री गुरु कृपा प्रोपर्टीज
पता -फायर स्टेशन के सामने गजरौला अमरोहा
मो.नं.-9368144411